Postal Regn No.Jaipur City/007/2018-20 ॥ पश्चिमी राजस्थान की आवाज ॥ मूल्य : दो रुपये

# दैनिक जलतेदीप

संस्थापक स्व. माणक मेहता

**चौखी बात**
जो तुम्हारी बात को सुनते हुए इधर-उधर देखे उस आदमी पर कभी भी विश्वास न करें।
-चाणक्य

**॥ दसवां वेद ॥**
हिरण खुरी दो आंगळी, धरती लाख पसाव।
लिखिया भाख्या ना टळै, ज्यां भावै त्यां जाय॥
(अर्थ व कथा पेज चार पर)

www.dainikjaltedeep.com वर्ष: 22 अंक: 6 जयपुर, शनिवार 01 फरवरी, 2020 कुल पृष्ठ: 8 Email : news@dainikjaltedeep.com

## निर्मला सीतारमण आज पेश करेंगी अपना दूसरा बजट

# इस बार मध्यम वर्ग को समर्पित हो सकता है बजट!

**आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 संसद में पेश**

जलतेदीप ब्यूरो, दिल्ली

संसद के बजट सत्र का आगाज हो चुका है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। अपने अभिभाषण में उन्होंने आतंकवाद, राम जन्मभूमि पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, नागरिकता कानून, अनुच्छेद 370 और 35ए हटाने सहित कई मुद्दों पर बात की। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2020-21 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण पेश कर दिया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार को 11 बजे अपना दूसरा बजट पेश करेंगी। मोदी सरकार के इस दूसरे बजट पर देश और दुनिया की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार के एक दशक के न्यूनतम स्तर पर रहने का अनुमान प्रकट किया गया है। दूसरी ओर टैक्स कलेक्शन में भी उल्लेखनीय कमी आई है और राजकोषीय घाटे के भी सरकार के बजट लक्ष्य से अधिक रहने का अनुमान है। सीतारमण के समक्ष इस बजट में संतुलन कायम करने की सबसे बड़ी चुनौती है। सितंबर, 2019 में कॉरपोरेट टैक्स में भारी कमी के बाद देश का मिडिल क्लास इनकम टैक्स के मोर्चे पर रिलीफ की उम्मीद कर रहा है।



**सर्वेक्षण की मुख्य बातें**

- कृषि के मशीनीकरण से भारतीय कृषि वाणिज्यिक कृषि के रूप में बदल जाएगी
- लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश होने के बाद संसद की कार्यवाही को कल 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।
- शनिवार 1 बजे तक राज्सभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है।
- वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2019-2020
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में 2020-21 के लिए आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश कर दी है। जिसमें विकास दर 6-6.50 फीसदी रहने की संभावना जताई गई है।
- सर्वे में कहा गया है कि ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए चालू वित्त वर्ष में वित्तीय घाटे के लक्ष्य से पीछे हटना पड़ सकता है। ग्लोबल ग्रोथ में कमजोरी से भारत भी प्रभावित हो रहा है। फाइनेंशियल सेक्टर की दिक्कतों के चलते निवेश में कमी की वजह से भी चालू वित्त वर्ष में ग्रोथ घटी।
- सीएए पर वातावरण को प्रदूषित न करें वाला बैनर लगी साइकिल में संसद पहुंचे विजय गोयल

### क्या कुछ खास रहने की उम्मीद है

**1. इनकम टैक्स स्लेव और रेट में बदलाव**

कंपनियों को टैक्स के मोर्चे पर रिलीफ मिलने के बाद देश के नौकरीपेशा लोग इस बात की उम्मीद कर रहे हैं कि वित्त मंत्री के बजट के पिटारे से इस बार उनके लिए भी राहत का ऐलान हो सकता है। टैक्स एवं निवेश मामलों के विशेषज्ञ बलवंत जैन के मुताबिक, इस समय डिमांड को बूस्ट करने की सबसे ज्यादा जरूरत है। इसके लिए जरूरी है कि देश के मिडिल क्लास के हाथ में पैसे हों। विशेषज्ञों की राय में वित्त वर्ष 2020-21 के बजट में पांच लाख रुपये से दस लाख रुपये तक की आय वाले लोगों के लिए कर में कटौती की सबसे ज्यादा जरूरत है, क्योंकि वे 20 फीसद की दर से टैक्स का भुगतान कर रहे हैं।

**2. स्टैंडर्ड डिडक्शन में बढ़ोत्तरी**

आईसीएआई के पूर्व अध्यक्ष अमरजीत चोपड़ा के मुताबिक, सीतारमण इस बार के बजट में स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ा सकती हैं। इससे भी लोगों को टैक्स के मोर्चे पर राहत मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में टैक्सपेयर को 50,000 रुपये तक का स्टैंडर्ड डिडक्शन मिलता है।

**3. टैक्स एक्जेम्पशन एवं 80 (सी) की सीमा में बढ़ोत्तरी:**

कई टैक्स विश्लेषकों का मानना है कि राजकोषीय घाटा एवं टैक्स कलेक्शन में कमी के कारण सरकार के हाथ बंधे हुए हैं और आयकर की दर में कमी की बहुत गुंजाइश नहीं बच गई है। हालांकि, उनका मानना है कि सरकार 80 (सी) एवं टैक्स एक्जेम्पशन की सीमा को बढ़ाकर आम लोगों को राहत दे सकती है।

**4. होम लोन, एजुकेशन लोन में राहत**

आर्थिक मामलों के विश्लेषकों का मानना है कि लोगों को होम लोन एवं एजुकेशन लोन पर विशेष छूट दिए जाने की दरकार है। इससे संकटग्रस्त रियल एस्टेट सेक्टर को भी उबारने में भी बड़ी मदद मिल सकती है, क्योंकि लोग टैक्स सेविंग के लिए इस सेक्टर में अधिक-से-अधिक निवेश करेंगे।

**5. किसानों की आय बढ़ाने पर जोर**

विश्लेषकों का मानना है कि ग्रामीण आबादी की आय बढ़ाए बिना इकोनॉमी को पटरी पर नहीं लाया जा सकता है। इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि सरकार किसानों के लिए कुछ अहम घोषणाएं कर सकती है। इसके साथ ही किसान सम्मान निधि एवं मनरेगा के मद में आवंटन बढ़ाया जा सकता है। 2019 के अंतरिम बजट पेश करते समय पीयूष गोयल ने इस योजना की घोषणा की थी। इसके तहत किसानों को हर साल 6,000 रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है।

**6. सड़क, रेलवे और ग्रामीण विकास पर खर्च में बढ़ोत्तरी:**

सरकार मार्केट में लिक्विडिटी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अपने खर्च में बढ़ोत्तरी कर सकती है। इसके तहत सरकार रोड, रेलवे और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं पर अपने खर्च में वृद्धि की घोषणा कर सकती है। इससे मार्केट में पैसा होगा और जीडीपी ग्रोथ में तेजी आएगी। बहुत संभव है कि सीतारमण अपने बजट भाषण में इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में अगले पांच साल में 105 ट्रिलियन रुपये खर्च करने की योजना देश के समक्ष रख सकती हैं।

**7. राजकोषीय घाटे के लक्ष्य में बढ़ोत्तरी संभव**

वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इस बात की संभावना है कि सरकार राजकोषीय घाटे से जुड़े लक्ष्य को कुल जीडीपी के 3.3 फीसद से बढ़ाकर 3.8 कर सकती है।



## मुख्यमंत्री ने 'हिन्दी बुनियाद' के गांधी विशेषांक का विमोचन किया

जलतेदीप कासं, जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी की त्रैमासिक पत्रिका 'हिन्दी बुनियाद' के महात्मा गांधी विशेषांक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने इस प्रकाशन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस विशेषांक में गांधी जी के जीवन के विविध पक्षों पर प्रतिष्ठित लेखकों के 14 आलेख सम्मलित किए गए हैं। इस अवसर पर हिन्दी ग्रंथ अकादमी के निदेशक डॉ. बी.एल. सैनी, राजस्थान लोकसेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. बी.एम. शर्मा, अकादमी के प्रकाशन अधीक्षक सुनील दत्त माथुर, डॉ. अल्पना पारीक, डॉ. नीता शर्मा, राजस्थान विश्वविद्यालय सिंडीकेट सदस्य प्रो. रामलखन मीना, डॉ. फिरोज अख्तर, डॉ. रमाकांत मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## निर्भया मामला : चारों दोषियों की फांसी नये आदेश तक टली

एजेंसी, नई दिल्ली

निर्भया सामूहिक दुष्कर्म के चारों आरोपियों को शनिवार सुबह (एक फरवरी) फांसी नहीं होगी। पटियाला हाउस कोर्ट ने अगले आदेश तक फांसी पर रोक लगा दी है। दोषियों के वकील एपी सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि कोर्ट ने अक्षय, विनय, पवन और मुकेश के डेथ वारंट को रद्द कर दिया है।

सुनवाई के दौरान तिहाड़ जेल ने कोर्ट से कहा है कि चाहें तो एक फरवरी को तीन दोषियों को फांसी दी जा सकती है। दूसरी तरफ निर्भया की मां की तरफ से पेश वकील ने दलील दी कि दोषी फांसी से बचने के हथकंडे अपना रहे हैं।

वहीं, दोषियों के वकील एपी सिंह ने दलील दी कि फांसी पर अनिश्चितकाल के लिए रोक लगा देनी चाहिए। क्योंकि अभी दोषियों के लिए कानूनी उपाय बाकी हैं। विनय की दया याचिका राष्ट्रपति के पास विचाराधीन है, जबकि अक्षय और पवन के कानूनी उपाय भी बाकी हैं। अक्षय की दया याचिका बाकी है। पवन ने अभी तक उपचारात्मक याचिका दायर नहीं की है।इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने पवन गुप्ता की जुवेनाइल याचिका खारिज कर दी है। पवन ने याचिका डाली थी अपराध के समय वह नाबालिग था। वहीं, दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में तिहाड़ जेल प्रशासन ने कहा कि निर्भया के तीन दोषियों को एक फरवरी को फांसी देने के लिए उनकी तरफ से पूरी तैयारी है। तिहाड़ जेल का प्रतिनिधित्व कर रहे लोक अभियोजक इरफान अहमद ने कहा कि केवल एक दोषी विनय शर्मा की दया याचिका लंबित है और अन्य को फांसी दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह किसी भी प्रकार से अवैध नहीं है। मालूम हो कि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने दोषी अक्षय कुमार सिंह की सुधारात्मक याचिका खारिज कर दी थी।

इसके बाद दोषियों के वकील एपी सिंह ने कहा था कि यह फैसला देने वाले सुप्रीम कोर्ट के पांचों जज हों या राष्ट्रपति, वे भगवान नहीं हैं। ऐसा नहीं है कि वे गलती नहीं कर सकते हैं। दोषियों के वकील एपी सिंह ने कहा था कि अक्षय की सुधारात्मक याचिका के लिए दिए गए आधारों से कोर्ट सहमत नहीं हुआ। नियमों के मुताबिक, अगर किसी मामले में एक से ज्यादा दोषियों को फांसी दी जानी है, तो किसी एक की याचिका लंबित रहने तक सभी की फांसी पर कानूनन रोक लगी रहेगी। निर्भया केस भी ऐसा ही है, चार दोषियों को फांसी दी जानी है। एक फरवरी को फांसी इसलिए भी नामुमकिन है, क्योंकि किसी भी दोषी को फांसी देने से 14 दिन पहले उसे इसके बारे में बताना जरूरी होता है। मुकेश सिंह के सभी विकल्प खत्म हो चुके हैं, जबकि विनय शर्मा की दया याचिका अभी विचाराधीन है। वहीं अक्षय सिंह के पास दया याचिका का विकल्प है। जबकि पवन गुप्ता के पास सुधारात्मक और दया याचिका दोनों का विकल्प है।




### यह फांसी अनंतकाल तक नहीं होगी : निर्भया की मां

निर्भया के दोषियों की फांसी एक बार फिर रोक लग गई है। कोर्ट के अगले आदेश तक इन दरिंदों को फांसी नहीं दी जा सकती है।

इस फैसले पर निर्भया की मां काफी भावुक हो गईं और रोते हुए कहा कि दोषियों के वकील ने चुनौती दी थी कि यह फांसी अनंतकाल तक नहीं होगी और उन्होंने इसे सही साबित कर दिया है। उनका कहना है कि आखिर मुजरिम जो चाहते थे वो गया है। इस पर सरकार को कोर्ट और सरकार पर विचार करना चाहिए।

अब तो ऐसा लग रहा है जैसे सभी लोग मुजरिमों का साथ दे रहे हैं। जब निर्भया की मां से सवाल किया गया कि क्या अभी भी आपको कानून पर विश्वास है तो उन्होंने कहा कि मैं कोर्ट के फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगी। लेकिन सरकार और कोर्ट पर विचार करना चाहिए। इसके साथ ही निर्भया का पक्ष रखने वाली वकील के भी आंसू आ गए और उन्होंने कहा कि न्याय में काफी देरी हो रही है। लेकिन उन्होंने यह भी साफ किया कि जबतक निर्भया के दोषियों को फांसी नहीं हो जाती वो हार नहीं मानेंगी।

## एक नजर

**विद्यालयों को प्रातः 9 बजे बाद ही खोले जाने का आदेश जारी**

**जलतेदीप, कासं, जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ.जोगाराम ने बताया कि जिले के समस्त राजकीय एवं निजी विद्यालयो को प्रातः 9 बजे बाद ही खोले जाने संबंधी पूर्ववर्ती आदेशों को मौसम की अनुकूलता को देखते हुए 1 फरवरी से प्रत्याहारित कर लिया गया है।

**44 आरपीएस अफसरों के तबादले**

**जलतेदीप कासं, जयपुर।** शुक्रवार को राजस्थान में 44 आरपीएस (राजस्थान पुलिस सर्विस) ऑफिसर्स की तबादला लिस्ट जारी की गई। पुलिस संयुक्त शासन सचिव रामनिवास मेहता द्वारा ये लिस्ट जारी की गई। जिसमें राहुल वशिष्ठ को अभय कमांड और कंट्रोल सेंटर के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पद का कार्यभार दिया गया है। वहीं ओम कुमार पुरोहित को एचसीएमयू, सीआईडी सीबी जोधपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लगाया गया है।

**अब पंचायत चुनावों के बाद ही जारी होगी 'कृषि विद्युत नीति'**

**जलतेदीप कासं, जयपुर।** प्रदेश में अब पंचायत राज के चुनावों के बाद ही नई 'कृषि विद्युत नीति' जारी होगी। बिजली कंपनियों ने नीति को स्वीकृति के लिए सरकार को भिजवा दी है। हालांकि पंचायत चुनावों की उलझन के कारण नीति जारी होने में दो से छह महीने का समय लगने की आशंका है। इसका किसानों को सीधा नुकसान हो रहा है। अभी तक पंचायत चुनावों के अंतिम दौर को लेकर आशंकाएं है।

प्रदेश में सामान्य श्रेणी में कृषि कनेक्शन के लिए फरवरी 2012 से दिसंबर 2019 तक के 3.12 लाख आवेदन बकाया है। हालांकि एससी व एसटी के आवेदनों को प्राथमिकता से तुरंत डिमांड नोटिस जारी किया जा रहा है। वहीं ड्रिप योजना में सेल्फ फाइनेंस स्कीम के तहत हर साल करीब 50 हजार रुपए खर्च हो रहा है। ड्रिप योजना के कनेक्शनों का पूरा खर्चा उपभोक्ता को भुगतना पड़ता है।

## सीएए का बचाव करने का कोई कारण नहीं, राजग नेता मजबूती से करें इसका समर्थन : पीएम मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जोर दिया कि सरकार के पास संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर बचाव की मुद्रा में आने का कोई कारण नहीं है और राजग नेताओं से संसद में मजबूती से सीएए का समर्थन करने को कहा। राजग की बैठक के बाद भाजपा के एक सहयोगी दल के एक नेता ने बताया कि प्रधानमंत्री ने संसद के बजट सत्र के दौरान आक्रामक रूप से सीएए पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देने को कहा। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक अन्य नागरिकों की तरह ही हमारे अपने हैं। गौरतलब है कि विपक्षी दल सीएए को भेदभावपूर्ण बताता रहा है। सहयोगी दल के नेता ने नाम नहीं उजागर करने की शर्त पर बताया कि उन्होंने (मोदी) कहा कि सरकार ने संशोधित नागरिकता कानून पर कुछ भी गलत नहीं किया है और उसे बचाव में आने की कोई जरूरत नहीं है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं ने त्रिपुरा में ब्रू जनजाति के सदस्यों के पुनर्वास एवं बोडो समझौते के लिए प्रधानमंत्री की सराहना की। इससे पहले बैठक के दौरान जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने सरकार से राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) की प्रश्नावली से माता-पिता की विस्तृत जानकारी मांगने वाले सवालों को हटाने का आग्रह किया। जदयू नेता ललन सिंह ने बताया कि उन्होंने राजग की बैठक में यह मुद्दा उठाया और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भरोसा दिया कि इस मामले पर चर्चा की जाएगी। सिंह ने बताया कि शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के अन्य सहयोगियों ने भी इस मुद्दे पर जदयू का समर्थन किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि एनपीआर प्रक्रिया के तहत लोग माता-पिता के निवास और जन्मस्थान जैसे सवालों का जवाब नहीं देने के लिए स्वतंत्र हैं।

## जम्मू में टोल प्लाजा पर हमला, सुरक्षाबलों ने मार गिराए तीन आतंकवादी

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-श्रीनगर हाइवे के एक टोल प्लाजा के पास शुक्रवार सुबह आतंकवादियों ने फायरिंग कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। पुलिस ने जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर बन्न टोल प्लाजा पर एक श्रीनगर की ओर जा रहे एक ट्रक को रोका। ट्रक में बैठे आतंकवादियों ने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। घटना में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। मारे गए आतंकियों के पास पुलिस ने हथियार भी बरामद किए हैं। जम्मू श्रीनगर हाइवे पर यातायात को बंद कर दिया गया है। उधमपुर के जिला विकास आयुक्त पीयूष सिंगला ने बताया कि जम्मू श्रीनगर हाइवे पर जारी एनकाउंटर के चलते उधमपुर जोन में में सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। जम्मू कश्मीर डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा, यह आतंकी एक नए घुसपैठिए ग्रुप का हिस्सा थे और श्रीनगर की तरफ जा रहे थे। ऐसा संदेह है कि इन आतंकियों ने कथुआ और हीरानगर बॉर्डर से घुसपैठ की थी। जांच जारी है।

## दिल्ली चुनाव : भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया

### 2 रुपये किलो आटा और छात्राओं को मुफ्त स्कूटी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार को अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया। भाजपा ने इसमें वादा किया है कि राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी की सरकार बनने पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को 2 रुपये किलो गेहूं प्रदान किया जाएगा। साथ ही पार्टी ने वादा किया है कि ईडब्ल्यूएस की छात्राओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं योजना के तहत साइकिल व ई-स्कूटी का वितरण किया जाएगा। इतना ही नहीं दिल्ली में पार्टी की सरकार बनने पर 10 नए कॉलेज खोलने का वादा भी बीजेपी ने किया है।



**घोषणा के 10 बड़े वादे**

2 रुपए प्रति किलो की रेट पर गेहूं का आटा गरीब परिवारों को मिलेगा, गरीब परिवार की पढ़ने वाली लड़कियों को मुफ्त में इलेक्ट्रिक स्कूटी देंगे, 9वीं से 12वीं क्लास तक की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल दी जाएगी, आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की पहली 2 दो लड़कियों को उनके 21 साल के होने पर 2 लाख रुपयों का लाभ मिलेगा, 1984 के दंगों के दौरान मारे गए पीड़ितों के एक बच्चे को नौकरी दी जाएगी, वहीं, दंगों में विधवा महिलाओं की मासिक पेंशन 2500 रुपए से बढ़ाकर 3500 रुपए की जाएगी, दिल्ली को पूरी तरह टैंकर मुक्त मनाकर साल 2024 तक हर घर नल से साफ पानी उपलब्ध कराया जाएगा, गरीब विधवा महिलाओं की बेटी के विवाह पर सरकार 51 रुपए का विशेष उपहार देगी, सभी दिव्यागों, विधवाओं, निराश्रित महिलाओं और बुजुर्गों की मौजूदा पेंशन राशि बढ़ाई जाएगी, 5 लाख रुपए के मुफ्त इलाज का लाभ देने वाली प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना को दिल्ली में लागू किया जाएगा, दिल्ली में 10 नए कॉलेज और 200 नए स्कूल खोले जाएंगे।

**कोरोनावायरस**

अब तक 213 की मौत, वुहान में फंसे भारतीयों को लाने रवाना हुआ विशेष विमान

## डब्ल्यूएचओं ने की अंतरराष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा

- 21 हवाईअड्डों पर अब तक 234 विमानों के यात्रियों की जांच हो चुकी है
- 43346 यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग हो चुकी है
- दुनिया के 17 देशों में पहुंच चुका है

एजेंसी, नई दिल्ली

चीन के बाद कोरोनावायरस अब दुनिया के 17 देशों में पहुंच चुका है। भारत, नेपाल, तिब्बत, कंबोडिया और श्रीलंका में इसके एक-एक मरीज मिल चुके हैं। ऐसे में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे देखते हुए अंतरराष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया है। हालांकि इससे पहले डब्ल्यूएचओ ने लोगों के मास्क पहनने को लेकर सलाह दी थी। वहीं चीन में इस खतरनाक वायरस से मरने वालों की संख्या 213 पहुंच चुकी है।

### वुहान में फंसे भारतीयों को लाने रवाना हुआ विशेष विमान

चीन में कोरोना वायरस के खतरे के मद्देनजर वहां से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए एअर इंडिया का 423 सीटों वाला बी747 विमान शुक्रवार को दिल्ली से दोपहर दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर वुहान हवाईअड्डे के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय के पांच डॉक्टर और एक पराचिकित्सक कर्मी विमान में हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय के पांच डॉक्टर और एक परा-चिकित्सक विमान में सवार हैं। विमानन कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विमान करीब 12 बजकर 50 मिनट पर रनवे पर आया और दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर उड़ान भरा। विमान के उड़ान भरने में देरी हुई क्योंकि कुछ चीजों की मंजूरी लंबित थी। उन्होंने कहा कि संभावना है कि यह विमान शुक्रवार को देर रात एक बजे से दो बजे के बीच लौट आएगा। एयर इंडिया के सीएमडी अश्वनी लोहानी ने बताया कि एयर इंडिया की फ्लाइट से चीन के वुहान से आज कम से कम 400 भारतीयों को लाया जाएगा।

**दुनिया में वायरस की ये है स्थिति**

30 जनवरी तक दुनिया भर में कोरोना वायरस के कुल 7711 मामले दर्ज किए हैं जिनमें से 170 लोगों की मौत हो चुकी है। चीन के अलावा दुनिया के 21 देशों तक कोरोना वायरस पहुंच चुका है। भारत, श्रीलंका, नेपाल, फिनलैंड, एंगोला और कंबोडिया में एक-एक केस सामने आ चुका है। जबकि थाईलैंड (14), सिंगापुर (10), जापान (08), मलेशिया (07), ऑस्ट्रेलिया और यूएसए में पांच-पांच केस दर्ज हुए हैं। वहीं फ्रांस, दक्षिणी कोरिया, जर्मनी और यूएई में चार-चार, वियतनाम व कनाडा में दो-दो, हांगकांग (10), ताइवाइन (08) और मकाओ में सात मरीज सामने आ चुके हैं।

**भारत में कोरोनावायरस की दस्तक, केरल की छात्रा मिली पॉजीटिव**

चीन में लोगों की जान ले रहा कोरोना वायरस अब भारत में भी दस्तक दे चुका है। केरल की एक छात्रा कोरोना वायरस पॉजीटिव मिली है। ये छात्रा चीन के वुहान में पढ़ती है। पुणे स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की प्रयोगशाला में छात्रा का सैंपल पॉजीटिव आने के बाद हड़कंप मच गया। आनन फानन में केंद्र और राज्य की टीमें बचाव कार्यों में जुट गई हैं। पुणे स्थित आईसीएमआर-एनआईवी की निदेशक डॉ. प्रिया अब्राहम ने बताया कि अब तक उनके यहां 49 सैंपल की जांच हो चुकी है।

## जिले के सभी दुधारू पशुओं का पंजीकरण प्रारम्भ

**आधार कार्ड समान महत्वपूर्ण होगी 'ईनाफ पहचान'**

जलतेदीप कासं, जयपुर

जयपुर जिले के समस्त दुधारू पशुओं (गाय एवं भैंस वंश) में टेगिंग कर उनके पंजीकरण का कार्य बड़े स्तर पर प्रारम्भ किया जा रहा है। इस डेटाबेस के संग्रह से स्थानीय एवं वैश्विक स्तर पर पशुओं के क्रय-विक्रय में उचित मूल्य हेतु ई-मार्केट का विकास किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह योजना पशुपालकों की आमदनी बढाने में लाभकारी होगी एवं ईनाफ पोर्टल पर टेग नम्बर के माध्यम से पशु की समस्त जानकारी घर बैठे ही प्राप्त की जा सकेगी।

पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ.उम्मेद सिंह ने बताया कि पशुओं का विस्तृत डेटाबेस तैयार करने के इस कार्य के लिए पशु पालन विभाग द्वारा सम्बन्धित संस्थाओं, अधिकारियों-कर्मचारियों की टीमों का गठन किया गया है। पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी पशुपालकों के यहां डोर-टू-डोर जाकर पशुओं का पंजीकरण एवं टेगिंग कर रहे हैं।

# अचार अपना-अंगुलियां दुश्मन की

*कल क्या होगा, इस का तो पता नहीं। आज जो कुछ हो रहा है उसे आखा देश देख रहा है। देख भी रहा है और समझ भी रहा है। चंद लोग ऐसे भी हैं जो समझना नहीं चाहते। उन्हें समझाया जा रहा है मगर उन्हें नहीं समझना तो नहीं समझना। तिस पे उन पर मतलब की राजनीति करने वालों का हाथ। वोटों की रोटियां सेंकने वाले उनके साथ। ऐसे में हर बात का विरोध। अच्छा है तो विरोध। सुट्टा है तो विरोध। बेहतर है तो विरोध। देश के हित में है तो विरोध। उनका सिर्फ एक ही एजेंडा-विरोध, विरोध और विरोध। राजस्थानी भाषा में इसे-'बाटी खा के बूच आणा' कहते हैं। शहर की एक हथाई पर आज उसी के चर्चे हो रहे थे।*

*देश में इन दिनों विरोध की बयार चल रही है। चल कम चलवाई ज्यादा रही है। आपने चाबी वाले खिलौने तो देखा ही रखे होंगे। यकीनन देखे होंगे। हो सकता है उनसे खेले भी हों। हो सकता उन्हें चलाकर राजी हुए हो। उन्हें चलता देखकर तालियां कूटी हों। ऐसा होना आम है। अभिभावक अपने बच्चों का मन रखने के लिए या जिद पूरी करने के लिए उन्हें कुछ ना कुछ दिलवाते रहे होंगे। ऐसा होना नया नहीं है। बाऊजी के बाऊजी ने बाऊजी की जिद पूरी की होगी। दा'जी के दा'जी ने दा'जी का मन रखा होगा। कई बच्चे खाने-पीने की चीजों की जिद करते हैं, तो कई बच्चे खिलौनों की। लड़कियों की पहली पसंद गुड्डे-गुड़िया और लड़कों की पहली पसंद गन-बंदूक। कई बच्चे अन्य खिलौनों के प्रति आकर्षित होते रहे हैं। चाबी वाले खिलौने उनमें शामिल। इनमें मोटर गाड़ी हो सकती है। रेलगाड़ी हो सकती है। खिलौने जानवर हो सकते हैं। गुड्डा हो सकता है। गुड़िया हो सकती है। चाबी भर कर फर्श पर छोड़ दो तो वो दौड़ने-भागने लगते हैं। यह देखकर बच्चे ताली बजा-बजा के नाचते हैं। खुश होते हैं। लगता है कि विरोधअलियों की चाबी दूसरे लोगों के हाथों में है और वो खिलौनों की तरह इस्तेमाल हो रहे हैं।*

हथाई
गुरुदत्त अवस्थी
gda32500@gmail.com

*विरोध करना हम सभी का अधिकार है। भारतीय संविधान की यह विशेषता है। संविधान ने हमें असहमति जताने का अधिकार दे रखा है। मगर हर बात पे विरोध जताना उचित नहीं है। बात-बात पे विरोध जताना ठीक नहीं है। विरोध जताने के भतेरे तौर-तरीके हैं। शरजिल जैसे गद्दार असम को भारत से अलग करने की बात करे तो ऐसा विरोध राष्ट्रद्रोह की श्रेणी में आता है। विरोध के नाम पर आगजनी करना। बसों को जला देना। सरकारी संपति को नुकसान पहुंचाना। रास्ते जाम कर देना। सड़कें खोद देना। रास्तों पर टायर जलाना। रेलें रोक देना। लोगों को भड़काना। राष्ट्रविरोधी भाषण देना। दुश्मन देश में लग रहे नारे अपने यहां लगाना और एकता-अखंडता पर प्रहार करना अति निंदनीय है। इन कुकृत्यों को आप विरोध का अधिकार नहीं कह सकते। यह अधिकारों का दुरुपयोग है। भारत के टुकड़े करने के भाषण देना राष्ट्रद्रोह है। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई तो बनती है। शासन-प्रशासन ऐसे गद्दारों पर कार्रवाई करे तो छोटी बात पर करे विरोधखान-विरोधचंद-विरोधसिंह इस का विरोध करने से बाज नहीं आते।*

*आज देश के विभिन्न हिस्सों में यही सब कुछ हो रहा है। सिर्फ विरोध के लिए विरोध किया जा रहा है। करवाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या विवाद का सुलटारा किया तो विरोध। फैसला आने से पहले इन्हीं की जात-जमात के लोग कानून के प्रति सम्मान होने की बात कर रहे थे। आज उन्हीं के कौम-कुनबों के लोग सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध कर रहे हैं। सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर बहन-बेटियों को हलाला जैसे नर्क से निकाला। सरकार ने बहन-बेटियों की जिंदगी दोजख बनने से रोकी। उसका भी विरोध। जिस सीएए का किसी भी भारतीय से दूर का नाता नहीं। सरकार के जिम्मेदार लोग यहां तक कि प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृहमंत्री कई बार कह चुके हैं कि भारत की जमीन पर जाए-जन्मे किसी भी नागरिक की नागरिकता पर कोई आंच नहीं आणी है और आएगी भी नहीं। मगर उसका भी विरोध। जिस एनआरसी का अभी तक नामो-निशान नजर नहीं आ रहा। उसका भी विरोध। आतंकवादियों और देश के गद्दारों की गरदन मरोड़ी जाए। उसका भी विरोध। अफवाहें फैलाई जा रही हैं कि तुम से फलां कागद मांगे जाएंगे-ढीमका प्रूफ मांगे जाएंगे। अव्वल तो इसकी कोई आहट भी नहीं। हो भी तो डरने की क्या जरूरत। तुम जनधन खातों के लिए कागजात जमा करवा सकते हो। तुम सिम कार्ड के लिए आधार जमा करवा सकते हो। तुम सरकार की हर योजना का पूरा फायदा उठाने के लिए कागज तो छोटी बात पूरी कॉपी जमा करवा सकते हो। फिर डर किस बात का। सरकार कह रही है। हम भी उसके पक्षधर कि घुसपैठिए बचेंगे नहीं, भारत की संतानों को डरने की जरूरत नहीं। इसके बावजूद विरोध। ऐसे विरोध ठीक नहीं। ऐसे विरोध को जो दल और स्वार्थी तत्व समर्थन दे रहे हैं। वह भी शरमनाक है। भारत का अचार खाकर दुश्मन की अंगुलियां चाटना धिक्कारनीय है।*

## तोलाराम को सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई दी

जैसलमेर, 31 जनवरी (निसं)। कोष कार्यालय जैसलमेर में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक श्री तोलाराम को 37 वर्षीय गरिमामय सेवाकाल संतौषजनक ढंग से पूर्ण करने लेने के उपरांत सेवानिवृति होने के उपलक्ष में शुक्रवार को कोष कार्यालय के अधिकारियों और कार्मिकों ने उन्हें माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी।

कोषाधिकारी देवकृष्ण पंवार ने सेवानिवृत कार्मिक तोलाराम को साफा पहनाया। अतिरिक्त कोषाधिकारी आनंद जगानी ने उन्हें शॉल औढ़ाई तथा सहायक कोषाधिकारी रावताराम राठौड़ ने श्रीफल भेंट कर विदाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। कोषाधिकारी देवकृष्ण पंवार ने सेवानिवृत कार्मिक तोलाराम को एक कर्मठ नेकदिल कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारी बताते हुए उनके कार्यशैली की मुक्तकंठों से सराहना की। इस मौके पर कोषालय के रवि अग्रवाल ,बंशीलाल, दिलीप पंवार ,वर्षा पंवार ,शौभा पंवार ,नेमीचंद नागौरी ,रमण भारती ,गुरमित , प्रकाश ,गोपीकिशन तथा सहायककर्मी खुदा बक्स इत्यादि ने उन्हें माल्यार्पण कर हार्दिक बधाई दी।

## जागरूकता अभियान के लिए टीमें गठित

पाली, 31 जनवरी (निसं)। सीएमएचओ ने बताया कि तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर आयोजित जागरूकता अभियान के तहत जिले में करीब दो दर्जन से अधिक टीमों का गठन कर क्षेत्रवार बांटे गए। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पाली शहर में आठ टीमों का गठन किया गया, जिसमें 17 अधिकारियों को नियुक्त किया गया। डीडीडब्ल्यू के डीपीसी विजेन्द्रपालसिंह चूण्डावत हाउसिंग बोर्ड से घूमटी तक, एपिडेमियोलोजिस्ट डॉ.अंकित माथुर ने नया बसस्टैंड से नहर इंदिरा कॉलोनी तक, एएनएमटीसी के प्रिंसीपल केसी सैनी व जिला आईईसी समन्वयक नंदलाल शर्मा ने रेलवेब्रिज, लेबर कॉलोनी से राईको की ढाणी तक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिलीपसिंह यादव व गुलशन कुमार, एनटीसीपी के डीसी डॉ.संजय शर्मा, आरबीएसके के डॉ.शिवशंकर शर्मा व डीईओ रेवन्तराम कुम्हार ने पुराना बसस्टैंड से मंडियारोड तक, एनयूएचएम के डीपीएम जितेन्द्र परमार, डीएनओ विवेकपाल को भैरूघाट से रामदेवरोड व सिंधीकॉलोनी तक, डीपीएम भवानीसिंह व डीएएम प्रवीण राणासरिया ने पुनायता रोड से बीपीएल कॉलोनी तक, दक्षता मेंटर डॉ.सूर्यभवानी व डीएसी कुलदीप गोस्वामी को नहर बस स्टैंड से नया गांव बाईपास तक के क्षेत्र में दुकानों पर जाकर कोटपा एक्ट 2003 में चालान बनाए गए।

## सीएमएचओ ने संभाली कमान

पाली, 31 जनवरी (निसं)। जिला कलेक्टर दिनेशचंद जैन की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में जिला कलेक्टर ने पाली जिले में निरोगी राजस्थान को प्रभावी रूप से लागू करने की बात कही तो बैठक में स्वयं सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने जिला कलेक्टर को आश्वस्त किया वे इसमें कोई कमी नहीं आने देंगे। इसी को लेकर शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ.मिर्धा ने इस अभियान की कमान संभाली और दिन भर स्वयं एवं जिले की टीम के साथ जुटे रहे। सीएमएचओ डॉ. मिर्धा ने जिले के खैरवा गांव में, पाली शहर के नया बस स्टैंड, सुमेरपुर रोड, बांगड़ अस्पताल क्षेत्र में घूमकर सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले लोगों एवं तंबाकू निषेध दिवस पर दुकानो पर धूम्रपान सामग्री बेचते पाए गए 44 लोगों के चालान बनाए गए।

# ... और रंग लाई सीएमएचओ की पहल

पाली, 31 जनवरी (निसं)। जिले में निरोगी राजस्थान अभियान को प्रभावी बनाने के लिए शुक्रवार को चिकित्सा विभाग ने मुहिम शुरू कर दी है और सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा की मुहिम रंग ला रही है। इसी का नतीजा है कि पाली जिले के चिकित्सा विभाग ने माह के अंतिम तिथी 31 जनवरी को तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यवाही कर एक ही दिन में 2652 लोगों का कोटपा एक्ट के तहत चालान काटे। साथ ही वहां के आसपास के लोगों को नशे से दूर रहने की नसीहत देकर जागरूक किया। निरोगी राजस्थान अभियान में राष्टीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम के तहत आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा कोटपा एक्ट 2003 के बारे में व्यापक अभियान जिला कलेक्टर दिनेशचंद जैन के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने संपूर्ण जिले में 31 जनवरी शुक्रवार को चलाया गया। इसमें सीएमएचओ के नेतृत्व में सभी अधिकारियों व कार्मिकों ने मोर्चा संभाला और कार्यवाही की गई। इस अभियान के तहत पाली में चिकित्सा विभाग ने जिले में 58 टीमें गठित कर जिले में जनवरी माह के अंतिम दिन नो टोबेको डे मनाया गया। इसमें एक ही दिन में 58 टीमों द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत 2652 चालान काटे गए, जिनमें धारा -4 में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वाले 254 लोगों के चालान बनाए गए तथा धारा-6 में दूकानों पर तम्बाकू सूचना का बोर्ड प्रदर्शन नहीं करने वाले 2398 दुकानदारों के चालान बनाये गए। इस अभियान के दौरान करीब 24 हजार लोगों की काउंसलिंग कर नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही जिले भर में तंबाकू संबंधि 174 बोर्ड हटाए गए। जिले में निरोगी राजस्थान अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर चिकित्सा विभाग ने शुक्रवार को व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम की कमान सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने संभाली और स्वयं सीएमएचओ ने पाली शहर सहित जिले के खैरवा गांव सहित कई स्थानों पर दुकानों पर चालान काटे तथा लोगों को जागरूक किया गया। निरोगी राजस्थान अभियान के तहत राष्टीय तम्बाकू नियन्त्रण कार्यक्रम में आमजन को जागरूक करने तथा कोटपा एक्ट 2003 के बारे में व्यापक अभियान जिला कलेक्टर दिनेशचंद जैन के निर्देशन में सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने संपूर्ण जिले में 31 जनवरी शुक्रवार को चलाया गया। इसमें सीएमएचओ के नेतृत्व में सभी अधिकारियों व कार्मिकों ने मोर्चा संभाला और कार्यवाही की गई।



## निर्विरोध नव निर्वाचित सरपंच जाखड़ ने संभाला पदभार

बायतु, 31 जनवरी (निसं)। पंचायत समिति गिड़ा की ग्राम पंचायत खोखसर पश्चिम के निर्विरोध नवनिर्वाचित सरपंच चुनाराम जाखड़ ने पदभार ग्रहण किया। जाखड़ ने बिना साधन बिना धन खर्च किए घर-घर पैदल घूम कर वोट मांगे थे। गिड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत खोखसर पश्चिम के निर्विरोध नव निर्वाचित सरपंच वकिल चुनाराम जाखड़ ने पुजा-अर्चना के साथ अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी सवाईराम बाना एवं एलडीसी भेराराम जाखड़ ने निर्विरोध निर्वाचित सरपंच चुनाराम जाखड़ का साफा पहनाकर स्वागत किया। सरपंच जाखड़ ने समस्त ग्रामवासीयों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत खोखसर पश्चिम का चहुंमुखी विकास मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी और कहा कि आज इस ग्राम पंचायत के समस्त 2600 मतदाता ही सरपंच है। गांव कि मैं पूरी तरह से चौकीदारी करूंगा कोई परेशानी आप लोगों को नहीं आने दूंगा। गांव की समस्त जनता ने जो मुझ पर भरोसा जताया है उस पर खरा उतरने का पुर्ण प्रयास करूंगा। आपको बता दें कि चुनाव से पहले जाखड़ ने ग्राम पंचायत के घर घर बिना गाड़ी घोड़े पैदल घूम कर जनसंपर्क किया इसलिए हर किसी के दिल में जाखड़ की आवाज आना शुरू हो गई। समाजसेवी दिने खान ने बताया की यह हमारी ग्राम पंचायत खोखसर पश्चिम बड़ी पंचायत है तीनों जिलों के सीमाओं पर है। डिजिटल इंडिया के युग में भी नेटवर्क से वंचित मुख्यालय हैं गांव में अभी तक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है इस पंचायत में 2600 मतदाता है और समस्त जनता ने सामान्य सीट से वकील चुनाराम जाखड़ को निर्विरोध सरपंच कई उम्मीदों के साथ चुनने का निर्णय लिया है। यह ग्राम पंचायत खोखसर से अलग होकर खोखसर पश्चिम हुई थी उस समय पहला चुनाव चुकी देवी दर्जी ने चुनाव जीता, दुसरा दो बार लगातार हेराजराम सऊ ने चुनाव जिता, चौथा चुनाव हेराजराम के सामने दो बार हारी हुई चौथी देवी बैरड़ ने जीता था। पांचवां पिछला चुनाव वकील चुनाराम जाखड़ के सामने सिर्फ 13 मत से यानी 7 मत के अंतर से हेराजराम सऊ ने जीता था। अब इस बार लगातार गांव की जनता के हर सुख दुख में साथ रहने व गांव की सेवा में पूर्ण भूमिका निभाने के कारण सभी मतदाताओं ने सर्वसम्मति से चुनाराम जाखड़ को निर्विरोध सरपंच सहित पुरी कार्यकारिणी चुनने का निर्णय लिया, जो हर जगह इस पंचायत की भुरी-भुरी प्रशंसा हो रही है। इस दौरान पदभार ग्रहण समारोह में उप सरपंच नेनाराम सऊ, एवं समस्त निर्विरोध वार्ड पंच, पुर्व सरपंच हेराज राम सऊ, पुर्व सरपंच ज्वाराराम बैरड़ सहित गांव के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह 4 से

### वाहनों की जांच सहित विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन

जालोर, 31 जनवरी (निसं)। जिले में सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूकता अभियान के तहत 31वां सड़क सुरक्षा सप्ताह 4 फरवरी से 10 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा इस दौरान परिवहन व पुलिस विभाग द्वारा वाहनों की संयुक्त चैंकिंग सहित विभिन्न गतिविधियों व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

जिला परिवहन अधिकारी प्रेमराज खन्ना ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह का मुख्य विषय ''युवा शक्ति के माध्यम से परिवर्तन'' रखा गया हैं। 31वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 4 फरवरी को 31वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के उद्घाटन समारोह में सड़क सुरक्षा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम यथा-नृत्य, गीत, कविता पाठ,लघु नाटिका इत्यादि की प्रस्तुति दी जाएगी तथा सड़क सुरक्षा शपथ दिलवाई जाएगी। सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए पैदल रैली या साईकिल रैली निकाली जाएगी। पीयूसी, इन्श्योरेंस, इलेक्ट्रोनिक वाहन, ईंधन बचाओं, सुरक्षित ऊर्जा तकनीक, पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने, वाहनों के नियंत्रण (स्पीड गवर्नर, जीपीएस) के उपकरणों के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वही सुरक्षा उपकरणों व नियंत्रण के उचित कार्य को सुनिश्चित करने के लिए वाहनो की फिटनेस व उपकरणों की जांच की जाएगी तथा परिवहन वाहनों पर सुरक्षा उपकरणों के तहत रिफ्लेक्टर टेप लगवाई जाएगी। परिवहन व पुलिस विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों यथा-लेन ड्राईविंग, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना, गलत दिशा में ड्राइविंग, शराब पीकर वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चलाना, सीट बेल्ट न लगाने के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को प्रातः 11 बजे समस्त राजकीय कार्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, प्रमुख पार्क व सार्वजनिक स्थलों पर प्रातः 11 बजे वृहद् सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन कियाजाएगा। 6 फरवरी को परिवहन विभाग द्वारा मीडिया सेंसीटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा तथा 7 फरवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आहोर रोड़, जालोर में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाकर सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। 8 फरवरी को वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में निबंध प्रतियोगिता एवं राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कर सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी।

9 फरवरी महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शिवाजी नगर जालोर में चित्रकला प्रतियोगिता, सेन्ट राजेश्वर सीनियर सैकण्डरी स्कूल, राजेन्द्र नगर जालोर में पोस्टर/पेन्टिंग प्रतियोगिता आयोजित कर सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार 10 फरवरी को सड़क सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियां को पारितोषिक वितरण किए जाएंगे।

### उपखंड अध्यक्ष ने किया नवनिर्वाचित सरपंच का बहुमान

बालोतरा, 31 जनवरी (निसं)। मेघवाल युवा संघर्ष समिति के उपखंड अध्यक्ष मेघराज बोस ने सिणली जागीर के नवनिर्वाचित सरपंच भीमसिंह चौहान का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस सम्मान समारोह में कमलेश सिणली, कबिराराम बोस, लूणाराम बोस आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत किटनोद की सरपंच व उप सरपंच ने कार्यभार ग्रहण किया

बालोतरा, 31 जनवरी (निसं)। ग्राम पंचायत किटनोद के नव निर्वाचित सरपंच महोदया श्रीमति शोभा कंवर व उपसपरंच झम्मु देवी एवं समस्त वार्ड पंचों ने पदभार ग्रहण किया।

विकास अधिकारी बाबुलाल प्रजापत ने बताया कि इस मौके पर ग्राम पंचायत के विरेन्द्रसिंह करनोत, हरनाथसिंह, परबतसिंह, समाजसेवी मालाराम चौधरी, केशाराम बग, कालुसिंह, हनुमानाराम, वंशीसिंह, प्रेमसिंह, छोगसिंह, मंगलसिंह, विजय नामा, इसुब भाई नोसर, ओमप्रकाश प्रजापत, धनाराम काग, बाबुलाल सोनी, सुजाराम सुथार, कालुराम नाई, सांवलराम दर्जी, सुरेश प्रजापत, घेवरराम नामा, लालाराम भील, रूपाराम भील, बगदाराम भील, हस्ताराम परिहार, मांगीलाल नामा, पोकरराम देवासी, मिश्रुखा, शंकरराम प्रजापत, चिमनाराम चौधरी, नारायणराम, भटटाराम भील एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम का संचालन सज्जनसिंह ने किया।

## ग्राम सेवक व पदेन सचिव प्रशासक नियुक्त

पाली, 31 जनवरी (निसं)। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग ने जिले में ऐसी ग्राम पंचायतें जिनका कार्याकाल समाप्त हो गया है तथा उनके चुनाव सम्पन्न नहीं हो पाये है ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत के सामान्य कार्य एवं अन्य निर्णय लिए जाने के लिए ग्राम पंचायत में कार्यरत ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव को संबंधित ग्राम पंचायत का कार्यकाल समाप्त होने की तिथि से प्रशासक नियुक्त किया गया है।

जिला कलक्टर दिनेशचन्द जैन ने बताया कि जिले में प्रशासक द्वारा स्वयं पर सामान्य प्रवृति के कार्य ही किए जाएंगे। जिस कार्य में पंचायत का हित संबंधित हो या प्रभावित होता हो अथवा कोई नीतिगत संबंधी कार्य हो तो ऐसे प्रकरणों में संबंधित विकास अधिकारी पंचायत समिति की अनुमति या अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात ही प्रशासक द्वारा सम्पादित किया जाएगा। बैंक, पोस्ट ऑफिस आदि से धनराशि को आहरित करने के लिए समस्त प्रकार के चैक प्रशासन एवं संबंधित विकास अधिकारी, पंचायत समिति में संयुक्त हस्ताक्षरों से ही जारी किए जाएगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, अदेय प्रमाण् पत्र आदि प्रशासक द्वारा हस्ताक्षरित कर जारी किए जाएंगे। उनहोंने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा जारी किए जाने वाले पट्टों, अनापत्ति प्रमाण पत्रों आदि पर संबंधित पंचायत समिति विकास अधिकारीके प्रतिहस्ताक्षर होने के पश्चत ही प्रशासक के हस्ताक्षरों से जारी किए जाएगें तथा अन्य किसी भी प्रकार के प्रकरणो में कठिनाई महसूस होने पर संबंधित विकास अधिकारी के मार्गदर्शन एवं निर्देश प्राप्त किए जाने के पश्चात प्रशासन द्वारा वांछित कार्यवाही की जाएगी।

## संस्तुति एवं समर्पण समारोह 3 को

बालोतरा, 31 जनवरी (निसं)। जनसेवक पूर्व विधायक चंपालाल बांठिया कि चतुर्थ पुण्यतिथि व 87वीं जंम जयंती कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही है।

बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष गणपत बांठिया ने बताया की 3 फरवरी सोमवार को संस्तुति एवं समर्पण समारोह का आयोजन महावीर गोशाला प्रांगण में 10 बजे आयोजित किया जाएगा। इसमें बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक व विधानसभा प्रतिपक्ष नेता गुलाबचंद कटारिया, जोधपुर प्रांत संघचालक ललित शर्मा, प्रदेश भाजपा मंत्री कैलाश मेघवाल, सिवाना विधायक हमीरसिंह भायल सहित कई विधायक शिरकत करेंगे।

बांठिया ने बताया कि कार्यक्रम में कई प्रमुख संतों का भी सानिध्य मिलेगा। कार्यक्रम में विशिष्ट सेवा सम्मान, रक्तदाताओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। तथा कार्यक्रम में विकलांगों के लिए ट्राइसाइकिल वितरण, वृद्ध जनो के लिए व्हीलचेयर वितरण, बधिरजनो के लिए श्रवण यंत्र एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चंपालाल बांठिया के जीवन पर बनाई डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ट्रस्ट के सदस्य लगे हुए है। कार्यकर्ताओं ने उपखण्ड क्षेत्र में गांवों-शहरों में संपर्क कर कार्यक्रम में शरीक होने के लिए लोगों को निमंत्रण दिया।

## विकास मंच ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सिवाना, 31 जनवरी (निसं)। उपखंड क्षेत्र के अर्जियाना गांव के लोगों ने एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ भारत को सार्थक बनाने का एक अच्छा उदाहरण पेश किया है। जिसमें अर्जियाना विकास मंच के तत्वावधान में कुंवर मानसिंह बालावत, तथा समस्त लुंकड़ परिवार, रांका परिवार, और कांकलिया परिवार और कामधेनु सेना व समस्त ग्रामीणों ने मिलकर गांव को स्वच्छ व साफ सुथरा तथा प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए एक सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लेकर गांव के हर गली व मोहल्लों में सफाई की गई। अर्जियाना विकास मंच की ओर से गांव के मुक्तिधाम क्षेत्र में व हर गली गली और मोहल्लों विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण का ग्रामीणों के द्वारा अच्छा उदाहरण दिया है। तथा अर्जियाना विकास मंच की ओर से गांव में हर तीन माह में सफाई अभियान चलाया जाएगा। तथा स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा रैली निकाल कर महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने का संकल्प लिया जायेगा। जिसमें एक कदम स्वच्छता की ओर की थीम पर अर्जियाना को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया गया।

### संस्थान ने खोला ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार

बायतु, 31 जनवरी (निसं)। ग्रामीण विकास चेतना संस्थान की तरफ से ग्रामीण व अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए रोजगार का द्वार खोला है। ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान के स्टाफ मोहन बेनीवाल ने ग्राम पंचायत खरण्टिया, त्रिशूलिया, नया खरण्टिया व सरणू चिमनजी की अनुसूचित जनजाति महिलाओं को अपने घरों में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान ने सहयोग किया है।जिसके अंतर्गत गरीब परिवार के तबके की महिलाओं को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही हैंडीक्राफ्ट काम कटवर्क व एप्लिक वर्क के काम व कपड़े पर नई कशीदाकारी व डिजाइन बनाकर महिलाएं स्वावलंबी बनेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को घर पर रोजगार के नए आयाम खुलेंगे। चेतना संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में हस्तशिल्प व कुटीर उद्योगो को प्रोत्साहन दे रही हैं।

## शर्मा को सेवानिवृत पर भावभरी विदाई

पाली, 31 जनवरी (निसं)। जिला कलेक्टर कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी कमल प्रकाश शर्मा के सेवानिवृत्त होने पर जिला कलक्टर दिनेशचन्द जैन, अतिरिक्त जिला कलक्टर वीरेन्द्रसिंह चैधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रहलाद सहाय नागा, उपखण्ड अधिकारी रोहिताश्वसिंह तोमर एवं यूआईटी सचिव देशलदान सहित विभिन्न अधिकारियो व कर्मचारियों ने विदाई दी।

### श्री गणेश शनि मंदिर का पाटोत्सव मनाया

बालोतरा, 31 जनवरी (निसं)। शहर के द्वितीय रेल्वे फाटक देशांतियो धोरा स्थित श्री गणेश शनि मंदिर का पाटोत्सव बसंत पंचमी को श्री सूर्य मंडल के तत्वाधान में मनाया गया। गुरुवार प्रातः मन्दिर में विराजित देव प्रतिमाओं को मंदिर पुजारी ने पंचामृत से अभिषेक किया। मंदिर में स्थापित मुख्य शनि देव की प्रतिमा का नवीन वस्त्राभूषण से श्रंगारित किया गया व प्रातः पूजा आरती की गई। श्रद्धालुओं ने आराध्य शनिदेव की पूजा अर्चना की कर शनि देव समक्ष धोक लगा कर नारियल की ज्योत जगाई एवं प्रसादी का भोग लगाया। इससे पूर्व रात्रि में भजन संध्या में गायक गणपत माली, रामेश्वरपूरी, छगन माली, राजेश माली, नंदू गोयल ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नेमीचंद सोनी, सरंक्षक सुरेश सिंघल, सरजू प्रसाद रंगवाला, प्रवक्ता दौलत आर प्रजापत, मंगलाराम घाची, जोगाराम भाटी, जिनेश जैन, ओमप्रकाश भाटी सहित मंडल के समस्त सदस्यों ने सेवाएं दी।

### प्रजापत दिल्ली चुनावों में संभालेंगे भाजपा की बागडोर

बालोतरा, 31 जनवरी (निसं)। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर के भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व ने राजस्थान प्रदेश से प्रमुख कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार हेतु दिल्ली बुलाया गया है। भाजपा शहर उपाध्यक्ष राजेशपुरी ने बताया कि चुनावों को लेकर जहा कल दोपहर भाजपा दिल्ली प्रदेश कार्यालय में बैठक आयोजित होगी। बैठक को केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश अध्यक्ष अशोक सैनी सहित कई नेता सम्बोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करेंगे। जिसके तहत बालोतरा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री खेताराम प्रजापत को भी दिल्ली चुनाव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजेशपुरी ने बताया कि प्रजापत की संगठन के प्रति समर्पण भाव को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है जिसको लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई।

## व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण 12 फरवरी तक पूर्ण करवाएं : रतनू

बाड़मेर, 31 जनवरी (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत 12 फरवरी तक शत-प्रतिशत भुगतान ,जियो टेगिग, भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति अर्जित करना सुनिश्चित करें। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहनदान रतनू ने शुक्रवार को बाड़मेर एवं शिव पंचायत समिति मुख्यालय पर आयोजित बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए यह बात कही। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहनदान रतनू ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति शौचालय निर्माण से वंचित नहीं रहे। उन्होंने पात्र परिवारो को सूची में शामिल करने के साथ शौचालय निर्माण एवं समुचित भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने 12 फरवरी तक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अन्तर्गत बेसलाईन सर्वे, एलओबी, एनओएलबी के व्यक्तिगत शौचालय निर्माण करवाकर जियो टेगिंग, भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति करवाकर शत-प्रतिशत भुगतान पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक शौचालयों की शत-प्रतिशत स्वीकृतियां जारी करने के लिए तकनीकी स्वीकृतियां भिजवाने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी रतनू नेअब तक की प्रगति एवं बकाया के बारे में विस्तार से जानकारी ली।इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के जिला परियोजना समन्वयक पुष्पेन्द्रसिंह सोढा ने कम उपलब्धि वाली ग्राम पंचायतों को समय पर प्रगति हासिल करने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान बाड़मेर पंचायत समिति के विकास अधिकारी कैलाश चौधरी, शिव पंचायत समिति की विकास अधिकारी चिदंबरा परमार, सहायक अभियन्ता, कनिष्ठ तकनीकी सहायक, ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

## डॉ. रामप्रसाद दाधीच सम्मान समारोह कल

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। डॉ. रामप्रसाद दाधीच साहित्य सम्मान 2019 प्रतिभा शर्मा को मौन सोनचिरी कविता संग्रह पर प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान कवि ,आलोचक, नाटककार, चिंतक साहित्य अकादमी, दिल्ली से पुरस्कृत नन्दकिशोर आचार्य के मुख्य आतिथ्य में गांधी भवन में दो फरवरी को साढ़े ग्यारह बजे आयोज्य सम्मान समारोह में दिया जाएगा।

डॉ. पद्मजा शर्मा ने बताया कि प्रतिभा शर्मा को सम्मान राशि इक्यावन सौ रुपए नकद ,शॉल और श्रीफल भेंट किया जाएगा। कार्यक्रम में पत्रवाचन कवि दशरथ सोलंकी करेंगे तथा अतिथियों का परिचय चंद्रभान विश्नोई देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहनकृष्ण बोहरा करेंगे। डॉ. हरीदास व्यास कार्यक्रम का संचालन करेंगे। स्वास्थ्य ठीक न होने के बावजूद इस अवसर पर डॉ. रामप्रसाद दाधीच भी उपस्थित रहेंगे।

## सुसवाणी माता का पाटोत्सव धूमधाम से मनाया

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। श्री सुसवाणी माताजी ट्रस्ट के तत्वावधान में सुराणा-सांखला भाईपा बंधुओं की कुलदेवी सुसवाणी माता का 21वां पाटोत्सव समारोह मण्डोर रोड स्थित श्री सुसवाणी माता मंदिर प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया।

ट्रस्टी प्रवीण सुराणा ने बताया कि मण्डोर रोड स्थित श्री सुसवाणी माताजी मंदिर प्रांगण में सुसवाणी माता की प्राण प्रतिष्ठा का 21वां पाटोत्सव दिल्ली से आए जैन विधिकारकों के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के तहत सुबह सुसवाणी माता का पक्षाल-श्रृंगार किया गया तथा मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण किया गया। माताजी को भोग लगाने के बाद महाआरती धनराज किशनराज सुराणा परिवार द्वारा की गई जिसमें सुराणा-सांखला भाईपा के सैंकडों परिजन सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मंदिर परिसर को फूल मण्डली से सजाया गया तथा प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दशरथमल सुराणा, रायचद सुराणा, भगवतसिंह सुराणा, उमरावमल सुराणा, गणपतमल सुराणा, सुरेशराज सुराणा, जितेन्द्र सांखला, सुमेरमल सुराणा, सिद्धार्थराज सुराणा, पदमराज सुराणा, अशोक सुराणा, नरेंद्र सुराणा, धर्मीचंद सुराणा, संपत सुराणा, प्रवीण सुराणा, शरद सुराणा, श्रेय सुराणा आदि मौजूद थे।

## मैं हूं ना महाग्रंथ! का विमोचन

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। श्रीनाकोड़ा पार्श्व भैरवदेव को जन-जन को साक्षात्कार कराने की भावना चाहना से एक वृहद ग्रंथ मैं हूं ना? प्रकाशर्नार्थ जानकारी युक्त स्वर्णिम सौगात पत्रिका का धर्म क्रिया भवन में तपागछ संघ सचिव उम्मेदराज रांका, जैन गौरव समिति के प्रदेशाध्यक्ष लालचंद लुक्कड़, श्री महावीर शासन स्थापना महोत्सव समिति के राष्ट्रीय महामंत्री धनराज विनायकिया, चिंतामणि पार्श्व मंडल सचिव अनिल मेहता, सामायिक संयोजक केवलराज सिंघवी, जगदीश खाटेड़, श्रवण दुगड़, शिक्षाविद गौतम मेहता, राजेंद्र भंडारी, ओमप्रकाश चोपड़ा आदि द्वारा विमोचन किया गया।

## महर्षि नवल जयंती आज

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। वाल्मिकी समाज के धर्मगुरू महर्षि नवल साहेब का जन्मोत्सव एवं 111 वां महानिर्वाण दिवस पर कल संत समागम सत्संग का आयोजन अखिल भारतीय श्री नवल सम्प्रदाय के गुरूगादीपती नवलाचार्य रूपचंद्र महाराज के सानिध्य में बग्गी खाना स्थित श्री नवल मंदिर गुरूद्वारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा।

ज्ञानेश्वर श्री हरिराम साहेब धर्म संस्था के सचिव महंत बाबूलाल ने बताया कि इस अवसर पर महर्षि नवल मंदिर में प्रातः 7 बजे आरती पूजा, 9 बजे महर्षि नवल द्वारा रचित मच्छास्तुति के साथ नमस्कार मंत्रों द्वारा हवन किया जायेगा।

तत्पश्चात् 11 बजे महर्षि नवल के बधाओं के साथ सत्संग होगी जिसमें वाल्मिकी व अन्य समाज के कलाकारों, संत-महंतों शिष्यगणों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। सांय 6 बजे महर्षि नवल की आरती के साथ समारोह का समापन होगा।

इसी प्रकार अखिल भारतीय सतगुरू मात्रंग ऋषि नवल धर्मसभा की ओर से महर्षि नवल साहेब का 237 वां जन्मोत्सव महर्षि नवल गुरूद्वारा श्री नवल नगर रातानाडा में समाज के वरिष्ठ संतजन द्वारा केक काटकर मनाया जायेगा। सभा के सचिव सुरेश घारू ने बताया कि प्रात 7 बजे पूजा अर्चना एवं सांय 5 से रात्रि 10 बजे तक भजन संध्या होगी। इस बीच सांय 6 बजे केक काटए जाएगा।

## वकीलों ने न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में राजस्थान उच्च न्यायालय के एकीकरण की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने स्वैच्छिक रूप से हड़ताल रखी एवं न्यायिक कार्यो में उपस्थिति नहीं दी। एकीकृत उच्च न्यायालय की मांग को लेकर आज अधिवक्ताओं द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर में धरना भी आयोजित किया गया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष रणजीत जोशी ने बताया कि एकीकृत उच्च न्यायालय की मांग को लेकर अधिवक्ता पिछले 43 वर्षो से हर माह उच्च न्यायालय के अंतिम कार्य दिवस को न्यायिक कार्यों में स्वैच्छिक रूप से उपस्थिति नहीं दे रहे है।

महासचिव प्रहलादसिंह भाटी ने बताया कि धरने पर रणजीत जोशी, उपाध्यक्ष सज्जनसिंह करनावत, सहसचिव गजेन्द्रसिंह तंवर, पुस्तकालय सचिव डिम्पल भाटी, कोषाध्यक्ष बीरबलराम विश्नोई, रामलाल चौधरी, बंशीसिंह सोलंकी, जेठाराम चौधरी, सांगाराम चौधरी, गजेन्द्रसिंह सांखला, ओम प्रकाश सोनी, ललित सोलंकी, राहुल सोनी, एमएच शेरानी, केआर विश्नोई, धीमराम विश्नोई, अरूण दाधीच, सुरेन्द्र नारायण तिवारी, सुखराम विश्नोई, कुलदीप मरवन, चेतनसिंह चौहान, महेन्द्रसिंह चौहान, गणपतसिंह राठौड सहित अन्य अधिवक्तागण बैठे।

## अखंड ज्योति मंदिर का पाटोत्सव 5 से

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। रातानाडा अजीत कॉलोनी स्थित श्री केसरिया कुंथुनाथ 28 अखण्ड ज्योति मन्दिर तीर्थ का तीन दिवसीय पाटोत्सव 5 से 7 फरवरी तक मनाया जायेगा।

तीर्थ के प्रवक्ता दिलीप जैन ने बताया कि पाटोत्सव के तहत त्रिदिवसीय विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे जिसमें 5 फरवरी को सबह 10.30 बजे 108 पार्श्वनाथ महापूजन, 6 फरवरी को प्रातः10.30 बजे श्री पार्श्व पद्मावती नाकोड़ा भैरव महापूजन व 7 फरवरी को ध्वजा का वरघोड़ा प्रातः 9.30 बजे सायर सदन, बाल निकेतन स्कूल के सामने से निकाला जायेगा तथा ध्वजारोहण प्रातः 10.45 बजे होगा। तीर्थ अध्यक्ष राजरूप चन्द मेहता ने बताया कि पाटोत्सव को लेकर तमाम आवश्यक तैयारियां जोरों शोरो से चल रही है। जिसमे लाडेश कुमार रांका, जेठमल बुरड़,श्रीमती रूपा लुंकड़, लोकेंद्र पामेचा, श्रीमती विमला, राकेश मेहता सहित नरपत सिंह मेहता का विशेष सहयोग मिल रहा है।

## हॉल का लोकार्पण 4 को, निमंत्रण पत्रिका का विमोचन

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। शास्त्री नगर ए सेक्टर स्थित श्री विश्वकर्मा पब्लिक स्कूल में श्री विश्वकर्मा जांगिड़ पंचायत भवन में प्रथम तल के मुख्य हॉल का लोकार्पण समारोह 4 फरवरी को दोपहर 02 बजे मुख्य अतिथि सादुल शहर विधायक जगदीशचन्द्र जांगिड़, अतिविशिष्ट आतिथ्य में होगा। सांस्कृतिक मंत्री पंकज जायलवाल ने बताया कि आज पंचायत के अध्यक्ष सत्यनारायण कुलरिया, पंचायत के पदाधिकारी मदन गोपाल बरड़वा, कमल आसदेव, शंकरलाल सिलग, एन.के. दायमा, विनोद आसलिया और प्रमोद बरड़वा की मौजूदगी में इस आयोजन की निमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया।

# रेलवे कर्मचारियों के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। रेलवे एम्पलॉईज को-ऑपरेटिव बैंकिंग सोसाईटी लिमिटेड का पारितोषिक वितरण समारोह आज रेलवे इन्स्टीट्यूट, हरीश जोशी मार्ग, रेलवे स्टेशन रोड़, जोधपुर में किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मण्डल केमण्डल रेल प्रबन्धक आशुतोष पन्त थे। समारोह में वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी रघुवीर सिंह चारण, मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार शाहा, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी बसंत सिंह, नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉईज यूनियन जोधपुर के मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र व्यास, बैंक के अध्यक्ष बजरंग सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष अशोक सिंह मेडतिया, संचालक मण्डल सदस्य, डेलीगेट, अंशधारी सहित रेलवे के अन्य अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉईज यूनियन के महामंत्री श्री मुकेश माथुर ने की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार व अन्य पदाधिकारियों ने परिहार ने बताया कि समारोह में रेलकर्मचारियों, अंशधारी, बैंकिंग कर्मचारियों के मेघावी बच्चों व आश्रितों को पारितोषिक स्वरूप राशि, सर्टिफिक्रेट के साथ चांदी के मेडल प्रदान किये गये।



प्रतिभाओं को सम्मानित करते। जलतेदीप

समारोह में मण्डल रेल प्रबन्धक, आशुतोष पन्त ने कहा कि बैंक सर्वाधिक अच्छा परिणाम देने वाला है इस प्रकार के कार्य से समाज में एक नया संदेश जाता है। वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी रघुवीर सिंह चारण, ने कहा कि रेल कर्मचारियों द्वारा बैंक का संचालन अपने आप में महत्वपूर्ण है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार शाहा एवं वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी, श्री बसंत सिंह ने भी अपना संबोधन व्यक्त किया।

कार्यक्रम में 130 प्रतिभाओं को पारितोषिक व सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिसके तहत प्रोफेशनल कोर्स एवं डिग्री डिप्लोमा कोर्स वाले प्रतिभावान बच्चों को 1,500 रू. मय सिल्वर मेडल एवं प्रशंसा पत्र, दसवीं व बारहवीं कक्षाओं में कम से कम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 1,000 रू. मय सिल्वर मेडल एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संचालक मण्डल सदस्य मोहन लाल विश्नोई, मूलाराम चौधरी, हनुमान दास वैष्णव, ज्योति प्रकाश, मदनलाल, कौशल कुमार, जसवीर सिंह सहित बैंक अधिकारी राजाराम चौधरी, संजय अरोड़ा, प्रवीण सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। संचालन कमल भटनागर ने किया।



सर्वधर्म प्रार्थना प्रस्तुत करते बच्चे। जलतेदीप

# बच्चों ने सर्वधर्म प्रार्थना प्रस्तुत की

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर कल गांधी भवन सभागार में ब्रेनी नटस स्कूल के विद्यार्थियों ने विभिन्न वेशभूषा में सर्वधर्म प्रार्थना और डॉ दीपिका के निर्देशन में गांधीजी के प्रायोगिक जीवन से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों ने गांधी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और साबरमती के संत वैष्णवजन तो तेने कहिए आदि भजनों की प्रस्तुत किये गए। हेना भटटाचार्य ने भजन अब तो माधव मोहि उबार, गीता भटटाचार्य ने हे राम भजनों की प्रस्तुति दी।

सचिव भावेंद्र शरद जैन ने संकल्प पत्र पढकर सुनाया। इससे पूर्व 11 बजे सभी ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अध्यक्ष आशा बोथरा ने कहा कि बापू के विचारों की जानकारी बच्चों तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। प्रायश्चित दिवस के रूप में आशा बोथरा, धर्मेश रूटिया, गौतम के गटस एवं अशोक चौधरी सहित युवाओं ने गांधीभवन परिसर में उपवास रखा।

कार्यक्रम का संचालन रूचिका सोनी ने किया। डॉ रश्मि राठी ने धन्यवाद ज्ञापित किया एवं डॉ दीपिका को गांधी सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ पदमजा शर्मा, रामसिंह आर्य, शशि त्यागी, काजी मोहम्मद तैयब अंसारी, देवेन्द्र नाथ, नेमीचंद्र गहलोत, ब्रहमसिंह, डॉ संतोष चौहान, सुगमला जैन, डॉ कमल मोहनोत, बादलराज सिंघवी, विष्णुप्रसाद गौड, पल्लवी टाटिया, अनुलता गहलोत, यशपाल चंद सिंघवी, उषा गहलोत, मानवेंद्र व युवराज सिंह आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने किया वार्ड का निरीक्षण, अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। शहर विधायक मनीषा पंवार ने शुक्रवार को कुछ क्षेत्रों में निरीक्षण किया। इस दौरान वहां व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई। वहीं विधायक ने कुछ विकास कार्यों का शुभारंभ भी किया।

विधायक मनीषा पंवार ने आज सुबह शहर के भीतरी क्षेत्र स्थित लायकान मौहल्ला में विकास कार्य का शुभारंभ कर वार्ड का दौरा किया। इस दौरान वहां साफ सफाई का अभाव देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। क्षेत्रवासियों ने भी उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत करवाया। विधायक मनीषा पंवार ने उन्हें समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

## बाइक का चालान काटने पर हंगामा

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। पावटा क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर में गलत दिशा से आए एक बाइक सवार का पुलिस ने चालान काट दिया। इस पर युवक पुलिस से भिड़ गया। इससे एक बारगी वहां पर हंगामा हुआ। पुलिस युवक को शांतिभंग में पकड़ थाने ले गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार एक बाइक सवार युवक गलत दिशा से होता हुआ पावटा की तरफ आया। वह गलत होने पर वहां तैनात पुलिस कर्मी ने उसे रोका और चालान बनाने लगा। तब युवक पुलिस से उलझ गया और झगड़ा करने लगा। इस पर पुलिस ने गाड़ी का चालान करने के साथ उसे शांतिभंग में पकड़ लिया। युवक नागौरी गेट क्षेत्र का बताया गया है।

# निरीक्षण के दौरान किशोर गृह में कई अनियमितताएं मिली

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर के अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश नरसिंहदास व्यास एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसर सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सिद्धेश्वर पुरी ने राजकीय किशोर एवं सम्प्रेक्षण गृह, जोधपुर का औचक निरीक्षण किया।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा जोधपुर महानगर हेतु गठित संप्रेषण एवं किशोर गृह समिति जोधपुर के अध्यक्ष सिद्धेश्वर पुरी तथा सदस्य अधिवक्ता वीरेन्द्र कुम्भट द्वारा राजकीय किशोर एवं सम्प्रेक्षण गृह जोधपुर का औचक निरीक्षण करने के दौरान गृह में अनियमिताएं पाई गई। निरीक्षण के दौरान गृह में एक अनीस नामक बच्चा, जो कि एक पैर से विकलांग है, वह बाथरूम में स्वयं के कपड़े धोता हुआ पाया गया, जिस बाबत पूछने पर वहां पर केयर टेकर भंवरसिंह तथा अधीक्षक के स्थान पर प्रभारी अधिकारी सहायक प्रशासनिक अधिकारी कमलेश एवं अन्य स्टाफ द्वारा किसी भी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया जबकि किशोर गृह में आवासित बालकों के कपड़े उनसे ना धुलवाए जाकर अलग से व्यवस्था किशोर गृह द्वारा नियमानुसार किये जाने का प्रावधान है। इसी प्रकार एक सोनू नाम का बालक, जिसकी उम्र लगभग 10 वर्ष बताई गई, जिसे बहुत तेज बुखार होने के कारण वह चार कम्बल ओढकर सोते हुए पाया गया, जिसके बारे में पूछने पर वहां पर उपस्थित नर्स मनीष गुर्जर, केयर टेकर तथा प्रभारी अधिकारी से उसके इलाज के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि 30 जनवरी को बुखार आया तब उसे सुबह ही सेटेलाइट हॉस्पीटल में डॉ. राकेश चौधरी को दिखाया गया, जिनके द्वारा उसे दवाइयां दी गई है।

## टिड्डियों के हमले से पश्चिमी राजस्थान में लाखों बीघा भूमि पर फसलें चौपट

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। पड़ौसी मुल्क पाकिस्तान से 'घुसपैठ' कर आए टिड्डी दल ने पश्चिमी राजस्थान में लाखों बीघा भूमि पर फसलें चौपट कर कहर बरपाया है। हैरान और परेशान किसानों के पास थालियां, टीन और गाड़ियों के हॉर्न बजाकर इन्हें चकमा देने के अलावा फिलहाल कोई उपाय नहीं है।

गुरुवार रात्रि में टिड्डी दल का पड़ाव केतु हामा के ओरण व आसपास के खेतों में रहा। शुक्रवार सुबह पेड़ों पर बैठी टिड्डी को देखकर एकबारगी किसान सकते में आ गए। ग्रामीणो की सूचना पर प्रशासन ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी को टिड्डी मारने के लिए बुलाया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी में दवाइयों के घोल के साथ पानी छिड़का। दवाई के छिड़काव के बाद करीब दो घंटे में टिड्डी के मरने का दावा कर रहे है, लेकिन टिड्डी पर काबू नही पाया जा रहा है। वहीं टिड्डी उड़ाने के लिए ढोल, थाली, पटाखे व आग जलाने का जतन करते दिखे। ट्रैक्टर व अन्य वाहनों से दवाई छिड़ककर टिड्डी मारने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान का बलूचिस्तान और यमन टिड्डियों के प्रजनन का केन्द्र माना जाता है। यहां सर्दी में टिड्डी का प्रजनन होता है। हवा का रुख बदलने से पाक व अन्य क्षेत्र से टिड्डिया भारत में प्रवेश करती है। अप्रेल से लेकर अब तक विभागीय अधिकारियों ने लगातार टिड्डी नष्ट करने की बात कही है, लेकिन उसके बाद भी यह समूह भारत तक पहुंचा और व्यापक नुकसान पहुंचा रहा है। क्षेत्र के केतु कल्ला, भालू, केतु मदा, धीरपुरा, केतु हामा, केतु मनावता, डेरिया, बस्तवा, देवातु, गांवों में टिड्डी दल के पहुंचने के समाचार है।

# संभाग स्तरीय अमृता हाट आज से

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। प्रदेश में दूर दराज के क्षेत्रों में कार्यरत महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी एवं उनके उत्पादों की बिक्री व मार्केटिंग को विभाग के स्तर से समुचित समर्थन मिले इसके लिए संभाग स्तर पर पंचम अमृता हाट का आयोजन एक से सात फरवरी तक अरबन हाट परिसर पाली रोड़ में किया जा रहा है। मेले का विधिवत शुभारंभ एक जनवरी को सांय 4:30 बजे स्थानीय जन प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिक एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के सानिध्य में सम्पन्न होगा।

महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक फरसाराम विश्नोई ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री के प्रदर्शन एवं विपणन के लिए हाट में राज्य के विभिन्न जिलों से स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों की लगभग 80 स्टॉल्स लगाई जायेगी। मेले में भाग लेने वाली स्वयं सहायता समूह सदस्यों को विभाग की ओर से निःशुल्क स्टॉल्स, आवासीय व्यवस्था, भोजन एवं यात्रा भत्ता उपलब्ध करवाया जायेगा। अमृता हाट का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक होगा जिसमें प्रवेश व पार्किंग की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। हाट में प्रतिदिन एक व्यक्ति द्वारा न्यूनतम 300 रुपए तक के उत्पाद क्रय करने पर लक्की ड्रॉ की व्यवस्था होगी जिसमें प्रतिदिन ड्रॉ के 5 लक्की विजेताओं को 500, 400, 300, 200 व 100 रुपए की निःशुल्क खरीददारी विभाग द्वारा करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अमृता हाट में विभागीय महिला स्वयं सहायता समूहों, उद्योग विभाग, राजविका, एनएलयूएम द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हैण्डीक्राफ्ट उत्पाद लाख की चूड़ीया, मोजड़ी, पेपरमेसी, आर्टिफिशियल फ्लोवर्स, टोराकोटा, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, उनी व सूती रेडिमेड गारमेंट, कशीदाकारीयुक्त, चिकन जरी, पेचवर्क, कांच जड़ाई, वुडन क्राफ्ट, अंथाना की मिर्ची का अचार, मुरब्बा, मसालें, पापड़ मंगोड़ी, सूखी सब्जीयां आदि उपलब्ध मेले में फूड कोर्ट की सुविधा रहेगी जिसमें इडली डोसा, पानी-पुड़ी, चाट-मसाला, पावभाजी, चाउमीन, डाबेली, दाल के पकौड़े, जूस, आईसक्रीम, व अन्य चटपटे खाद्य पदार्थ उपलब्ध होगे। उन्होंने बताया कि अरबन हाट पाली रोड पर ग्राहकों की सुविधा के लिये जिला प्रशासन द्वारा परिवहन विभाग एवं नगर निगम के माध्यम से रात्रि 8 से 11 बजे तक सिटी बसों व बीआरटीएस की बसों के परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवायी जायेगी।

## काजरी शोध क्षेत्रों का अवलोकन किया

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के पूर्व कुलपति डॉ. एमपी पाण्डे, चारागाह एवं चारा अनुसंधान संस्थान झांसी के पूर्व निदेशक डॉ. भागमल, भाकृअप-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सुरेन्द्र कुमार कौशिक ने काजरी के शोध क्षेत्रों का अवलोकन कर शोध कार्यो की जानकारी ली।

समिति के सदस्यों ने संस्थान द्वारा विकसित फलोद्यानिकी, समन्वित



कृषि प्रणाली, फसल वाटिका, निर्यातोन्मुख हाई-टेक अनार उत्पादन माडल, नेपियर घास, कृषि वानिकी, डेयरी यूनिट में थारपारकर गाय,सौर ऊर्जा प्रांगण ,एग्री-वोल्टेक माडल, पशु आहार इकाई, को बहुत उपयोगी बताया। उन्होंनें शोध क्षेत्रों में हरी-भरी, अच्छी फसल, सरसों, जीरा पौधों पर भरपूर फूल व फलियों को देखते हुए खुशी जाहिर की। संस्थान के निदेशक डॉ. ओपी यादव एवं वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए सदस्यों ने शोध कार्यो की सराहना की। काजरी द्वारा बनाए गए बाजरे के विभिन्न उत्पादों जैसे बाजरा बिस्किट, चाकलेट व कुरकुरे तथा काजरी बेरों को समिति के सदस्यों ने बहुत पसन्द किया। उन्होंने कहा कि कृषि के निरन्तर विकास एवं किसानों की भलाई के लिए जुटे रहने को कहा।

काजरी निदेशक डॉ. ओपी यादव ने संस्थान में चल रही शोध परियोजनाओं, गतिविधियों एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

## 'दिल्लेमा' पुस्तक के पोस्टर का विमोचन आज

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। द बुक कैफे एवं कामणगार इवेंट्स के तत्वावधान में एक फरवरी को शाम 5.30 बजे लेखक एवं कवि डॉ. आकाश मिड्ढ़ा की आने वाली बुक 'दिल्लेमा (हिस्सों में कुछ किस्से)' का पोस्टर लॉन्च इवेंट साइबर पार्क स्थित द बुक कैफे एरिया में किया जाएगा। कामणगार इवेंट्स के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रक्त राठौड़ ने बताया कि शॉर्ट लव स्टोरीज की बुक है और ख़ास बात यह है कि किसी भी बुक के विमोचन से पहले पोस्टर लॉन्च का जोधपुर में यह पहला कार्यक्रम हैं। अतिथियों के रूप में द बुक कैफ़े की फाउंडर ऋचा शर्मा, स्टोरी टेलर आरजे अमन, शायरा रेणु वर्मा, मिसेज इंडिया इंटरनेशल एवं मिसेज गैलक्सी कवीन सिद्धि जौहरी शिरकत करेंगे।

## प्रजापत का अभिनंदन

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। मोगड़ा कलां स्थित प्रजापति के वरिष्ठ सहायक मुकेश प्रजापत का विद्यालय प्रशासन की ओर से अभिनंदन किया गया। प्रधानाचार्य भवानीसिंह ने बताया कि प्रजापत को उप जिला प्रशासन लूणी द्वारा गणतंत्र दिवस पर उपखंड स्तर पर आयोजित समारोह में सम्मानित किए जाने पर विद्यालय प्रशासन की ओर से अभिनंदन किया गया।

## सरकार की नीति के कारण रेलवे खस्ताहाल में : माथुर

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्लॉइज यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर शुक्रवार को जोधपुर आए। यहां पर उनका उत्साह से स्वागत किया गया। मण्डल संगठन कार्यालय में कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए महामंत्री माथुर ने कहा कि रेलवे के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे है। भारत सरकार रेलों के स्वरूप को ही बदल देना चाहती है जो कि रेल और देश हित में नही है। सरकार निजीकरण के रास्ते पर चलते हुए चितरंजन जैसे लोको मोटिव कारखाने को भी निजी हाथों में सौंपने का मानस बना चुकी है। लगभग 4000 डीजल लोको मोटिव जो कि बहुत अच्छी स्थिति में है उनको भी कन्डम करने जा रही है। रेलवे में निजीकरण का सीधा असर देश के युवाओं पर पडेगा। जो युवा रेल में रोजगार की उम्मीद लिये हुए बैठा है उनकी उम्मीदों पर पानी फिर जायेगा अर्थात रेलवे में रोजगार के अवसर हमेशा-हमेशा बन्द हो जायेगा। इससे देश के अन्दर बेरोजगारी बढेगी जिसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था पर होने वाला है। मंडल सचिव मनोज कुमार परिहार ने कहा कि सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व जो वायदे किये थे उस पर खरे उतरने की बजाय उसके विपरीत कार्य करते हुए रोजगार की ओर कदापि ध्यान नही दे रही है। इस अवसर पर ओम प्रकाश चौहान व इन्द्र सिंह का सेवानिवृत के उपलक्ष पर माला, साफा तथा मोमेन्टो देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र व्यास ने की। सभा का संचालन परमानन्द गुर्जर द्वारा किया गया।

## अज्ञात भिखारी का शव मिला

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। घूमर होटल के पास कल रात एक अज्ञात भिखारी का शव मिला। पुलिस ने शिनाख्तगी के लिए एमजीएच की मोर्चरी में रखवाया है। उदयमंदिर थाना पुलिस ने बताया कि कल रात को घूमर होटल के पास फुअपाथ पर अज्ञात भिखारी का शव मिला। हुलिए से दुबला पतला व आसमानी रंग की जिन्स पहनी थी। नाक, आंख व गाल पर खरोंच के निशान है। शिनाख्तगी के लिए शव को एमजीएच की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# लिटररी सोसायटी का वार्षिक उत्सव संपन्न

जोधपुर, 31 जनवरी (कासं)। लाचू कॉलेज में लिटररी सोसायटी का द्वितीय वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. राजीव माथुर प्रो. प्रियदर्शी पाटनी, डॉ रश्मि माथुर, डॉ चंद्रकांता सोनी एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।प्रो. माथुर ने इस अवसर पर कहा कि लिटररी सोसायटी विद्यार्थियों को साहित्य एवं कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिमा निखारने के लिए प्रदान करती है। साइंस के विद्यार्थियों ने इन दो वर्षों में नाटक, गायन, वादन, प्रश्नोत्तरी आदि विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपने कला प्रो. प्रियदर्शी पाटनी ने कहा कि साहित्य तो साहित्य होता है चाहें वह किसी भी भाषा में हो। डॉ चंद्रकांता सोनी ने कहा कि लिटररी सोसायटी साहित्य कला एवं ज्ञान का संगम स्थल है। विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साहित्य एवं कला के क्षेत्र में अपना हुनर दिखाए तो वह सोने पे सुहागा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए नॉक द लिटरेचर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रखी गई है। जिसमें साहित्य एवं व्याकरण से संबंधित पूश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी चौहान, अंजलि निबार्क, दिव्यांशी गर्ग, देदीप्या सक्सेना, क्रिष गोयल, अक्षिता भटट, ध्रुवी अरोड़ा, जय फुलवानी विजयी रहे। कार्यक्रम का संचालन करण भोजवानी एवं निखिल सीरवी ने किया। अंत में डॉ रश्मि माथुर ने आभार जताया।

## कैसे मिलेगी एंट्री

फोरेंसिक साइंस में एंट्री के लिए साइंस बैकग्राउंड में दस जमा दो पास होना अनिवार्य है। जमा दो साइंस में करने के बाद ही आगे के रास्ते खुलते हैं। यदि साइंस संकाय से दस जमा दो की हुई है, तो फोरेंसिक साइंस में ग्रेजुएशन कर सकते हैं। ग्रेजुएशन के बाद फोरेंसिक साइंस और क्रिमिनोलॉजी में एक वर्षीय डिप्लोमा भी कर सकते हैं। फोरेंसिक साइंस में मास्टर डिग्री कोर्स करने के लिए स्नातक में फिजिक्स, केमिस्ट्री, जूलॉजी, बॉटनी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, बी फार्मा,बीडीएस और एप्लाइड साइंस में किसी एक में 60 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य हैं। इसके अलावा फोरेंसिक स्पेशलिस्ट (जो मरने के बाद पोस्टमार्टम करते हैं) बनने के लिए एमबीबीएस की डिग्री जरूरी है। फोरेंसिक साइंस में एमडी भी कर सकते हैं। फोरेंसिक साइंस में स्पेशल कोर्स करके आप इस क्षेत्र में ऊंचा मुकाम हासिल कर सकते हैं। शैक्षणिक योग्यता बढ़ते ही आपके पद और पगार में बढ़ोतरी होती जाएगी। गवर्नमेंट संस्थान में नौकरी मिलने पर इस क्षेत्र में आरंभिक दौर में 20 हजार रुपए प्रतिमाह तक वेतन मिलता है। इस के अलावा प्राइवेट सेक्टर में भी इस जॉब में अच्छा सैलरी पैकेज मिलता है।

*कानून और अपराध के बीच आंख-मिचौनी का खेल हमेशा से चलता रहा है। अपराध और कानून की दौड़ में कभी अपराध आगे, तो कभी कानून पीछे होता है। पर कानून कहीं न कहीं अपराध को पछाड़ ही देता है। नई-नई तकनीकें जिनमें फोरेंसिक साइंस भी एक है, कानून को कारगर बनाने में मदद करती है। आज कल आपराधिक घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है, लेकिन अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, वह कोई न कोई सुराग छोड़ ही जाता है। इन्हीं बारीक साक्ष्यों के सहारे फोरेंसिक एक्सपर्ट विज्ञान के सिद्धांतों और नई तकनीकों का उपयोग करते हुए अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। इस के लिए एक्सपर्ट ब्लड, बॉडी फ्ल्यूड, हेयर, फिंगर प्रिंट, फुट प्रिंट और टिश्यू आदि की मदद लेते हैं। कुछ प्रमुख विश्वविद्यालयों में भी फोरेंसिक साइंस से संबंधित कोर्स शुरू किए हैं, जो कि कुछ वर्ष पहले तक नहीं थे। इससे यही साबित होता है कि यह कोर्स अब लोकप्रिय होता जा रहा है।*

# कैसे बनें फोरेंसिंक एक्सपर्ट?



### बढ़ती लोकप्रियता

फोरेंसिक साइंस एक अप्लाइड साइंस है। अपराधियों का पता लगाने के लिए इस में वैज्ञानिक सिद्धांतों व तकनीक का प्रयोग किया जाता है। इस कार्य में सहायक होते हैं अपराध स्थल से मिले साक्ष्य। आधुनिकता के साथ अपराध के तरीके बढ़े हैं, तो छानबीन के तरीके भी ईजाद हुए हैं। युवाओं का इस फील्ड के प्रति रुझान बढ़ा है।

### व्यक्तिगत गुण

इस प्रोफेशन में आने के लिए युवाओं को लीक से हटकर योग्यताएं रखनी होती हैं। युवा ऊर्जा से भरपूर होना चाहिए। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल और विश्लेषणात्मक क्षमता होना जरूरी है। इस फील्ड में जाने का इच्छुक नार्मल लाइफ से हट कर सोचने वाला चाहिए। अच्छी तार्किक सोच रखने और हर पहलू पर बारीकी से विचार करने वाले और अलर्ट माइंड वाले इस करियर में आसानी से एडजस्ट हो सकते हैं।

### कहां मिलेगी नौकरी

फोरेंसिक एक्सपर्ट के लिए गवर्नमेंट और प्राइवेट ऑर्गेनाइजेशन में जॉब की अच्छी संभावनाएं हैं। यदि गवर्नमेंट जॉब की बात करें, तो फोरेंसिक साइंटिस्ट के लिए इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी), सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन(सीबीआई), स्टेट पुलिस फोर्स की क्राइम सैल में, केंद्र व राज्य की फोरेंसिक लैब और प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी में जॉब के अच्छे अवसर हैं। प्रोफेशन चुनौतियों भरा है। इसलिए इस करियर में आना है, तो चुनौतियों से निपटना आना चाहिए। किसी केस को निपटाने के लिए कभी-कभी असफलता भी हाथ लगती है, तो ऐसे में धैर्य नहीं खोना चाहिए और उस केस को चुनौती के तौर पर लेना चाहिए। जांच-पड़ताल का क्षेत्र है, तो जाहिर सी बात है कि दोस्त कम होंगे और दुश्मन ज्यादा बन जाएंगे, तो इस बात से भी भयभीत होने की चुनौती भी इस करियर में है। हर स्थिति से निपटने की चुनौती स्वीकार करने वाला ही इसमें सफल होता है।

# कैसे करें सेल्फ असेसमेंट?

**सेल्फ** असेसमेंट का मुख्य लक्ष्य अपने काम, अपने लक्ष्य के साथ उपलब्धियों के बारे में अधिकारियों को बताना होता है। हालांकि यह भी सच है कि आपके बॉस के संज्ञान में आपसे संबंधित सारे तथ्य और जानकारियां रहती है, लेकिन साथ ही साथ वह यह देखना चाहता है कि कर्मचारी खुद के प्रति और अपने काम के प्रति कैसा नजरिया रखता है। वह अपना मूल्यांकन सही-सही करता है या नहीं। इस दौरान वह अपनी खूबियों के साथ कमियों पर भी नजर डालता है या नहीं। इसलिए सेल्फ-असेसमेंट के समय बेहद सजग रहने की जरूरत होती है। अपने बारे में वही बताएं, जिसे आप सिद्ध कर सकें। बड़े-बड़े बोल से कुछ हासिल होने वाला नहीं, बल्कि उल्टे छवि खराब ही होती है। सेल्फ-असेसमेंट में आप यह जरूर बताएं कि आपकी यह उपलब्धियां सिर्फ निजी नहीं है, बल्कि संस्थान के लिए भी हितकर साबित हुई हैं। इसका उसके बिजनेस पर सकारात्मक असर पड़ा है। यहां इस बात का



भी ध्यान रखें कि निजी उपलब्धियों का बखान करने का कोई मतलब नहीं बनता, लेकिन इसका यह भी अर्थ नहीं कि अगर संस्थान से इतर आपने कोई ऐसी बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जिससे समाज में आपका कद ऊंचा हुआ है तो उसका जिक्र जरूर करें, क्योंकि आपके साथ आपके संस्थान का नाम जुड़ा है। निश्चित ही आपकी ऐसी उपलब्धियों से संस्थान की भी प्रतिष्ठा बढ़ती है, क्योंकि समाज में ऐसी छवि जाती है कि संस्थान में कर्मियों के व्यक्तित्व का विकास होता है।

**एवैल्युएशन फॉर्मः** अधिकतर संस्थानों में सेल्फ-असेसमेंट के दौरान एक एवैल्युएशन फॉर्म भरना होता है। इसे भरते समय काफी सजग रहने की जरूरत है। यह फॉर्म संस्थान का एचआर डिपार्टमेंट तैयार करता है और इसमें कंपनी की सोच भी लक्षित होती है। इस वजह से यह बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। यह एवैल्युएशन फॉर्म आपके करियर विकास में महती भूमिका निभा सकता है। यदि आप इसे पॉजिटिव एप्रोच के साथ भरें तो यह आपके करियर को नई दिशा भी दे सकता है। इसलिए फॉर्म भरने से पहले यह तय कर लें कि अपनी किस कार्यक्षमता, उपलब्धि और योजना को फोकस करना है। इससे यह भी पता चलता है कि संस्थान के हित में आपने क्या-क्या किया है और आपके आगामी लक्ष्य क्या-क्या हैं। इसलिए अपनी महत्वपूर्ण आगामी कार्ययोजनाओं की जानकारी देते समय एक एंटरप्रेन्योर की तरह सोचें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि वह योजना धरातल पर उतारने योग्य हो, साथ में यह भी कि अगर इसकी जिम्मेदारी आपके ही पास आ जाती है तो उसे आप सफलतापूर्वक अंजाम दे सकें।

**कैसे भरें इवैल्युएशन फॉर्मः** सबसे पहले खुद का सटीक आत्ममूल्यांकन करें। उसके बाद उसी अनुरूप पूरी ईमानदारी से फॉर्म भरें। अपने काम और अपनी योजनाओं के बारे में लिखें। सबसे पहले पिछले साल की अपनी उपलब्धियों को सूचीबद्ध करें। इसके बाद आगामी साल के लिए आपने जो लक्ष्य तय किया है, उसे लिखें। फिर इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आपके पास क्या-क्या योजनाएं हैं, उसे भी लिखें। किसी प्रशिक्षण, परियोजना या संस्थान की किसी समिति आदि से जुड़े रहे हैं तो उसके बारे में भी जरूर लिखें। साथ में यह भी बताएं कि वहां रहते हुए आपने क्या महत्वपूर्ण कार्य किए।

**मजबूत पक्षः** इवैल्युएशन फॉर्म में अपने मजबूत पक्ष को हाईलाइट करें, साथ में अपने वीक जोन की भी चर्चा करें और यह भी बताएं कि उन क्षेत्रों में विकास करने के लिए आपके पास क्या-क्या योजनाएं हैं। अगर प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस करते हैं तो उसका भी जिक्र करें। इससे आपकी ईमानदार सोच और संस्थान के प्रति आपकी प्रतिबद्धता का पता चलेगा।

**तथ्य सही हों:** यह भी बेहद जरूरी है कि अपनी उपलब्धियों को सही ढंग से पेश करें। पिछले साल का अप्रेजल पेश करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है, बशर्ते आप उससे यह साबित कर पाएं कि पिछले एक साल के दौरान आपका कितना विकास हुआ है और अपने काम को लेकर आप पहले से कितना बेहतर हुए हैं। साथ ही यह भी बताएं कि आपके काम से संस्थान को क्या और कितना फायदा पहुंचा है।

**अपनी अपेक्षाएं:** इस बात को भी स्पष्ट करें कि आप अपनी मेहनत और लगन से संस्थान की अपेक्षाओं पर अब तक किस तरह खरे उतरे हैं और आगे किस तरह उतरेंगे और इसके बदले में संस्थान से आपकी क्या अपेक्षाएं हैं।

## शहर के युवा हिमांशु बने ह्यूमन लाइब्रेरी

**जोधपुर।** बॉलीवुड गीत 'किताबें बहुत सी पढ़ीं होंगी तुमने, मगर कोई चेहरा भी तुमने पढ़ा है...' आपने सुना ही होगा। इसी तर्ज पर शहर में ह्यूमन लाइब्रेरी का कॉन्सेप्ट भी प्रचलित हो गया है। इसमें कोई भी व्यक्ति किसी साहित्य के जानकार या कलाकार को आमंत्रित कर उससे कविता, कहानी या किस्सा आदि बैठकर सुन सकता है। युवा हिमांशु किरण शर्मा सनसिटी के एकमात्र ऐसे ह्यूमन लाइब्रेरी हैं जो यह सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

हिमांशु का कहना है कि डिजिटल वर्ल्ड में एक दूसरे के लिए समय नहीं है और कहानी कहने-सुनने का कल्चर भी सीमित हो गया है। इसे रिवाइव करने के लिए उन्हें इस कॉन्सेप्ट पर काम करने का विचार आया। उम्मेद चौक निवासी हिमांशु को उनके दादा साहित्यविद् पुखराज शर्मा ने साहित्य पढने के लिए प्रेरित किया। लिट्रेचर पढने पर उन्हें लगा युवाओं में पढने की रुचि कम है। कई ऐसे युवा हैं जो जानना जरूर चाहते हैं लेकिन पढने के लिए समय नहीं निकाल पा रहे या विषय की अधिक समझ और जानकारी में पीछे रह जाते हैं। ऐसे में हिमांशु एक कॉफी कप के बदले उनकी रूचि अनुसार विभिन्न साहित्यकारों की रचनाओं को सुनाते हैं। यह कॉन्सेप्ट अब पॉपुलर होने लगा है। हिमांशु ने बताया कि उनके पास आइआइटी आदि संस्थानों से भी इसके लिए बुलावा आता है और वे वहां युवाओं को साहित्य के बारे में जागरूक कर रहे हैं।



**संगीत से हुई शुरूआत :** हिमांशु ने बताया कि उन्हें बचपन से ही संगीत का शौक रहा है। मुकेश पुरोहित (पी भासा) से संगीत की शिक्षा प्राप्त की। गुरू ने उन्हें म्यूजिक कॉम्पोजिशन में हाथ आजमाने के लिए कहा। संगीत के लिए गुरू ने साहित्य को पढने और समझने के लिए प्रेरित किया। यही से साहित्य में अधिक रूचि उत्पन्न हुई। मात्र 17 वर्ष की आयु में जोधपुर आइडल गीत-संगीत प्रतियोगिता करवाई। जिसका 7वां सीजन गत माह सम्पन्न हुआ है। संगीत को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष लालटेन कार्यक्रम का आयोजन करवाया जा रहा है। इसमें शहर के युवा संगीतकार और बैंड्स आकर प्रस्तुतियां देते हैं। साथ ही संगीत शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वे म्यूजिक स्कूल का संचालन कर रहे हैं।




**कैफियत में बसता है साहित्य संसार :** उनका कहना है कि शहर में ओपन माइक कल्चर खासा लोकप्रिय हो रहा है। लेकिन ओपन माइक शैली से इतर कैफियत युवाओं को साहित्य से जोडने के लिए प्रयासरत है। इसमें स्थापित शायरों और अदीबों को सुनने का मौका दिया जा रहा है। इसमें देशभर के प्रख्यात युवा शायर अपने कलाम पढ़ रहे हैं। इसका कॉन्सेप्ट शायर और श्रोताओं के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। इसमें उनके साथ युवाओं की टीम काम कर रही है। वे शिक्षाविद् भूपेंद्रसिंह राठौड़ को अपना प्रेरणास्त्रोत मानते हैं।

# हास्पिटेलिटी में करियर के काफी मौके



समय के साथ-साथ लोगों के लक्ष्य भी बदल रहे हैं। व्यवसाय से संबद्ध सरोकार बदल रहे हैं। कुछ दशक पहले यह परंपरा थी कि अभिभावक अपने बच्चों को डाक्टर, इंजीनियर या वकील ही बनाना चाहते थे। आज अभिभावकों की सोच बदल चुकी है। वे डाक्टर, इंजीनियर और वकील के विकल्प को छोड़ अपने बच्चों के लिए बेहतर अवसरों के अंबार चाहते हैं। उनकी आकांक्षाओं की उड़ान को पंख लगाने में होटल व्यवसाय अहम भूमिका निभा सकता है। पिछले कुछ दशकों से टूरिज्म और ट्रैवल इंडस्ट्रीज में जबरदस्त ग्रोथ आया है। यही कारण है कि होटल, रेस्टोरेंट और एयरलाइंस में लोगों की मांग काफी बढ़ी है। भारत में इसका विस्तार काफी है और विदेशी धन का सबसे बड़ा स्रोत भी यही है। गौरतलब है कि भारत में सबसे अधिक अंग्रेजी बोलने वाले लोग हैं। होटल मैनेजमेंट की डिग्री हास्पिटेलिटी में करियर बनाने का पहला कदम है। इस करियर क्षेत्र में आप कभी भी खाली बैठे नहीं रह सकते हैं क्योंकि होटल हर शहर में हैं जहां आप विभिन्न तरह की नौकरी पा सकते हैं। साथ ही, यहां आप जिस भी उम्र वर्ग में हों, आपको काम मिल सकता है। होटल मैनेजमेंट के तहत आपको दो चीजें सीखनी होती हैं, पहला रूम डिवीजन जिसमें फ्रंट सर्विस और हाउसकीपिंग है। दूसरा, फूड एंड बीवरेज है जिसमें उनके प्रोडक्शन और सर्विस व किचन से संबंधित ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा होटल अकाउंटिंग, न्यूट्रीशन और फॉरिन लैंग्वेज की भी जानकारी दी जाती है। साथ ही संस्कृति, सामाजिक जिंदगी, एथनिक प्रोडक्ट्स, टूरिज्म, स्थानीय रीति-रिवाज भी सिखाए जाते हैं।

### दुनियाभर में मौके

इस फील्ड में करियर के काफी मौके हैं, जिसके तहत सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के बाहर भी अवसर हैं। होटल चेन वैश्विक स्तर पर कार्य करती हैं। यह काफी ग्लैमरस प्रोफेशन है। होटल इंडस्ट्री के ग्रोथ का मुख्य कारण विदेशी-देशी टूरिज्म और बिजनेस टैवल का बढ़ना है। हास्पिटेलिटी इंडस्ट्री में वे लोग काफी आगे जा सकते हैं, जिनकी रुचि अतिथियों की सेवा करने में होती है। अब होटल मैनेजरों की नियुक्ति बैंक, एयरलाइंस, कॉल सेंटर, मल्टीप्लेक्स शॉपिंग माल्स, क्रूजशिप आदि में होने लगी है। नए ग्रेजुएट के साथ-साथ होटल या रेस्टोरेंट में कार्य करने वाले प्रशिक्षित लोगों की मांग भी काफी है। मार्केटिंग,सेल्स एक्जीक्यूटिव, एफएमसीजी, स्पोर्ट्स कंपनी, मीडिया हाउस, पीआरओ एजेंसी, एडवर्टाइजिंग आउटलेट्स और इवेंट मैनेजमेंट आदि में भी काम मिलता है।

### होटल व्यवसाय में चुनौतियां

होटल मैनेजमेंट बेशक बहुत ही अच्छे व्यवसाय का रूप है, लेकिन यह बिजनेस भी कई चुनौतियों से भरा हुआ है। आपको अगर मार्केट में जगह बनानी है, तो यह आपके लिए चुनौती है कि आप किस तरह से होटल इंडस्ट्री में अपना मुकाम बनाकर उसे कायम रख सकते हैं। होटल इंडस्ट्री में सबसे बड़ी चुनौती यह भी है कि लोगों को काफी शिफ्ट में काम करना पड़ता है। इस के लिए काफी स्टाफ की जरूरत होती है। कई बार जब अच्छे ग्रेजुएट लोग नहीं मिल पाते हैं, तो कंपनी डिप्लोमा किए हुए लोगों की नियुक्ति कर लेती है। इसलिए अगर आप ने डिप्लोमा किया है तो भी आप इस इंडस्ट्री का हिस्सा बन सकते हैं।

### विकल्पों की भरमार

रेस्टोरेंट मैनेजमेंट, फास्ट फूड ज्वाइंट मैनेजमेंट, क्लब मैनेजमेंट, क्रिएशन एंड हैल्थ सेंटर मैनेजमेंट, क्रूजशिप मैनेजमेंट, इंस्टीच्यूशनल एंड इंडस्ट्रियल कैटरिंग, एयरलाइन कैटरिंग एंड कैबिन सर्विस होटल एंड कैटरिंग इंस्टीच्यूट, होटल एंड टूरिज्म एसोसिएशन कैटरिंग डिपार्टमेंट, बैंक और इंश्योरेंस हाउसेज, सरकारी कैटरिंग डिपार्टमेंट मसलन रेलवे, आर्म्ड फोर्सेज, मिनिस्ट्रियल कन्वेंशन आदि फूड कन्फेक्शनरी, बीवरेज प्रोडक्शन इंडस्ट्रीज आदि में नौकरी की काफी संभावनाएं हैं।

### शैक्षणिक योग्यता

अभ्यर्थी ने अंग्रेजी विषय के साथ बारहवीं की हो, तो निश्चित तौर पर वह इसके बाद तीन वर्षीय होटल मैनेजमेंट की डिग्री हासिल कर सकता है। यदि अभ्यर्थी किसी विषय से ग्रेजुएशन किया है तो वह होटल मैनेजमेंट में दो वर्षीय ग्रेजुएट डिग्री कर सकता है। सीनियर सेकेंडरी सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुके छात्र तीन महीने से लेकर एक साल की अवधि वाले सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। बारहवीं कर चुके छात्रों के लिए डिप्लोमा और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के कोर्स हैं। आपकी तरक्की शैक्षणिक योग्यता पर ही निर्भर करती है। होटल इंडस्ट्री का दायरा इतना बड़ा है कि इसमें कम पढ़े- लिखे से लेकर ज्यादा से ज्यादा पढ़े- लिखे के लिए भी आसानी से रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। इसे रोजगार का खुला आकाश कह सकते हैं।

### कितनी होती है सैलरी

इस क्षेत्र में वेतनमान इस बात पर निर्भर करता है कि आप सरकारी क्षेत्र में हैं या प्राइवेट सेक्टर में। इसके अलावा वेतन आप के पद और वरीयता के आधार पर निर्धारित होता है। कई कंपनियां होटल प्रोफेशन से संबद्ध अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को अच्छा वेतन देती हैं। फिर भी शुरुआती दौर में 15-25 हजार रुपए प्रति माह आसानी से मिल जाते हैं।

## हालातों से सामंजस्य बैठाएं...



### भावनाओं की अभिव्यक्ति

यह आफिस है- आपका घर नहीं, यह छोटा-सा जुमला हमें अकसर सुनने को मिलता है। निजी जीवन में जहां आप भावनाओं को सबसे अधिक महत्त्व देते हैं, आपके पेशेवर व्यक्तित्व में भावुकता का कोई स्थान नहीं होता। इस बात के लिए एक नहीं कई संदर्भ हो सकते हैं। आज समय की मांग ऐसी है कि हर इनसान कार्यस्थल पर खुद को अच्छा प्रोफेशनल साबित करना चाहता है और इसके लिए वह जी-जान से मेहनत भी करता है, लेकिन इसके लिए केवल मेहनत ही काफी नहीं है, बल्कि करियर में सफल होने के लिए अपनी भावनाओं की सही ढंग से अभिव्यक्ति और उन पर नियंत्रण भी बहुत जरूरी है। आजकल ज्यादातर कंपनियां अपने कर्मचारियों को इंप्रेशन मैनेजमेंट की ट्रेनिंग देती हैं। इसमें यह सिखाया जाता है कि ईंसान व्यक्तिगत रूप से चाहे कितना ही तनावग्रस्त क्यों न हो, लेकिन आफिस में लोगों से बातचीत करते समय उसके चेहरे और बॉडी लैंग्वेज में तनाव बिल्कुल दिखाई नहीं देना चाहिए, क्योंकि सहकर्मियों पर इसका बहुत नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

### कमजोरियों को पहचानें

आफिस में कामकाज का स्वस्थ माहौल बनाए रखने के लिए अगर आप कुछ बातों का ख्याल रखें तो यह आपके करियर के लिए भी फायदेमंद साबित होगा। सबसे पहले अपने व्यक्तित्व की कमजोरियों को पहचान कर उन्हें डायरी में नोट करें। साथ ही उन स्थितियों को भी हमेशा याद रखने की कोशिश करें, जब भावनाओं पर आपका नियंत्रण नहीं रहता। जिन स्थितियों में आपको ज्यादा गुस्सा आता है या जब आप अति उत्साहित होकर बहुत ऊंचे स्वर में बोलने लगते हैं, तब सचेत तरीके से भावनाओं पर काबू रखने की कोशिश करें। शुरुआत में आप के लिए ऐसा करना मुश्किल होगा, लेकिन धीरे-धीरे यह आपकी आदत बन जाएगी।

# पर्यटन एवं देवस्थान मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने समस्याओं का मौके पर किया समाधान

■ जलतेदीप, निस., भरतपुर



पर्यटन एवं देवस्थान मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने शुक्रवार को भरतपुर सर्किट हाउस में सम्भाग स्तरीय मेगा जनसुनवाई कर सैंकडों व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं का मौके पर समाधान किया। शेष समस्याओं का वर्गीकरण कर कुछ प्रकरणों को स्थानीय अधिकारियों को सौंप अन्य प्रकरणों को राज्य स्तर से हल करवाने की बात कही।

पर्यटन एवं देवस्थान मंत्री ने बताया कि जन समस्या समाधान हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने समस्या समाधान में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के संकेत भी दिये। नगर निगम से सम्बंधित शिकायतों का अम्बार देख कर पर्यटन एवं देवस्थान मंत्री ने महापौर अभिजीत कुमार और उप महापौर गिरीश चैधरी को कहा कि शहर की जनता ने हमें इतना बडा मौका दिया है। शहर के नियोजित विकास, सफाई, सडक, स्ट्रीट लाइट समेत हर मामले में तेजी से प्रगति हासिल करने के प्रयास करें। उन्होंने नगर निगम आयुक्त नीलिमा तक्षक को निर्देश दिये कि सफाई व्यवस्था में सुधार लायें, कोई सफाई कार्मिक काम न करें तो उसको वेतन भी नहीं मिलना चाहिये और इसमें किसी प्रकार की सिफारिश पर ध्यान न दें।

व्यापारियों ने लक्ष्मण मंदिर की प्याऊ को देवस्थान विभाग के माध्यम से पुनः संचालित करवाने की मांग की। इस पर देवस्थान मंत्री ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। मलाह समेत कई स्थानों से आये लोगों ने चम्बल पेयजल परियोजना के क्रियान्वयन में विलम्ब की शिकायत की। इस पर मंत्री ने इस परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने तथा पाइपलाइन डालने से क्षतिग्रस्त सडकों की पूर्ण मरम्मत या नई सडक बनाने के निर्देश दिये।

पर्यटन एवं देवस्थान मंत्री ने उसरानी, बरताई समेत कई गांवों में कीचड, क्षतिग्रस्त सडक की समस्या का समाधान करने तथा अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने श्रम विभाग की शुभ शक्ति योजना के बकाया आवेदनों पर जल्द कार्रवाई कर पात्रों को लाभ देने के निर्देश दिये। उन्होंने भरतपुर में आरएए अधिकारी की पोस्ट क्रिएट करवाने के प्रयास करने की बात कही ताकि राजस्व मामलों का जल्द निस्तारण हो।

पत्रकारों के सवाल के जवाब में पर्यटन एवं देवस्थान मंत्री ने कहा कि बजरी खनन और परिवहन मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की पालना करना पुलिस का दायित्व है। बाडी में हुई घटना से संबंधित परिवार के प्रति उन्हें हार्दिक संवदेना है लेकिन माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अक्षरशः पालना भी जरूरी है।

पर्यटन एवं देवस्थान मंत्री से बडी संख्या में नवनिर्वाचित सरपंच, उप सरपंच और पंच मिलने आये और आशीर्वाद मांगा। पर्यटन एवं देवस्थान मंत्री ने उन्हें बिना भेदभाव के विकास कर आदर्श ग्राम की कल्पना साकार करने तथा सौहार्द का माहौल विकसित करने की नसीहत दी। जनसुनवाई के दौरान पर्यटन एवं देवस्थान मंत्री ने विभिन्न विद्युत दुर्घटनाओं के पीडितों को सहायता राशि के चैक सौंपें। बडेसरा (डीग) निवासी सूरजपाल की विद्युत दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उसकी माताजी को 5 लाख रूपये का चैक सौंपा। करन सिंह पुत्र नबिया जाटव निवासी महमदपुरा डीग को 60 हजार रूपये, देवी सिंह पुत्र परभाती निवासी श्योपुरा (जनूथर), शाबिर खान पुत्र जमील अहमद निवासी बयाना, आशू पुत्र इस्माइल मेव निवासी आलमशाह (नगर) और गिर्राज पुत्र ताराचंद निवासी उच्चैन, छीतरसिंह पुत्र नन्दलाल निवासी समेपुरा (रूपवास) को 20-20 हजार रूपये , रमजान पुत्र धूषण मेव निवासी थून (नगर) को 40 हजार रूपये , गीता पत्नी उदय सिंह निवासी बोरियापुरा (बयाना) और मुरारी जाटव पुत्र सामन्ता जाटव निवासी बाछरैन (छोंकरवाडा) को 15-15 हजार रूपये का चैक सौंपा।

जनसुनवाई के दौरान एडीएम (प्रशासन) नरेश कुमार मालव, जिला परिषद के सीईओ पुष्करराज शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. मूलसिंह राणा, डीएफओ वी केतन कुमार, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर संजय गोयल, उपखण्ड अधिकारी डीग सुमन देवी, उपखण्ड अधिकारी कुम्हेर उत्सव कौशल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नवलगढ़ पंचायत समिति के उप सरपंच के चुनाव परिणाम

■ जलतेदीप, निस., झुंझुनूं

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2020 में पंचायत समिति नवलगढ़ के उप सरपंच का मतदान गुरूवार को शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए। रिटर्निंग अधिकारी नवलगढ़ ने बताया कि नवलगढ़ में 46 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत बागोरियों की ढाणी में प्रिया 2 मतों से, बड़वासी में बसीर अली निर्विरोध, बसावा में सुल्तान सिंह निर्विरोध, बाय में श्रीराम 3 मतों से, बिरोल में माया निर्विरोध, बुगाला में रोनक गुप्ता निर्विरोध, चेलासी में राकेश कुमार निर्विरोध, चिराना में मोहम्मद ईकबाल निर्विरोध, देवगांव नूआं में नंदलाल निर्विरोध, देवगांव में सुमित्रा 2 मतों से, देवीपुरा में पंकज 2 मतों से, डाका की ढाणी में बोद्धुराम 5 मतों से, डेवा की ढाणी में संम्पत सिंह 2 मतो से, डिगाल में देवकरण निर्विरोध, डूमरा में मनोज कुमार निर्विरोध, डूंडलोद में मुकेश कुमार निर्विरोध, घोडीवारा खुर्द में अनिता देवी निर्विरोध, गोठड़ा में दिनेश कुमार 1 मत से, जाखल में आजाद सिंह निर्विरोध, जेजूसर में तीजो देवी निर्विरोध, झाझड में माडुराम 5 मतों से, केरू में सतवीर निर्विरोध, कारी में सुनिता निर्विरोध, कसेरू में सुनिता देवी निर्विरोधए खिरोड़ में कन्हैयालाल जांगिड़ निर्विरोध, कोलसियां में रघुवीर 2 मतों से, कुमावास में जयवीर निर्विरोध, लोहार्गल में पूनम देवी निर्विरोध, मांडासी में शकुंतला निर्विरोध, मोहनबाड़ी में गणेश कुमार 2 मतों सेए नाहर सिंधानी में संजीता देवी निर्विरोध, नवलड़ी में राजेन्द्र प्रसाद सैनी निर्विरोध, निवाई में विष्णु कुमार निर्विरोध, पबाना में प्रदीप कुमार निर्विरोधए पहाड़ीला में सुमन देवी निर्विरोध, परसरामपुरा में महावीर प्रसाद निर्विरोध, पूजारी की ढाणी में छोटी देवी निर्विरोध, राणासर में दाखा देवी निर्विरोध, सैनी नगर में बजरंग लाल निर्विरोध, सौंथली में सुरेन्द्र सिंह निर्विरोध, सोटवारा में हरीश निर्विरोध, टोडपुरा में सुरेन्द्र सिंह मीणा 4 मतों से, तोगड़ा कलां में संतोष देवी निर्विरोध, टोंक छिलरी में किशन लाल गुर्जर निर्विरोध उप सरपंच का चुनाव जीते। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि ढाणियां नवलगढ़ ग्राम पंचायत के सुनिल कुमार एवं रामपुरा ग्राम पंचायत की सुमन के सामने प्रतिद्धिन्दी को बराबर मत मिलने पर लॉटरी करवाई गई जिसमें ढाणिया नवलगढ़ में सुनिल कुमार, रामपुरा में सुमन ने उप सरपंच का चुनाव जीता।

## सार-समाचार

# शिविर में 59 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

■ जलतेदीप, निस., सुनेल



शहीद दिवस के अवसर पर चिकित्सा विभाग एवं रक्तदाता समूह के संयुक्त तत्वाधान में नगर के पिड़ावा रोड पर स्थित लंकापति हनुमान जी की बगीची में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया ।शिविर का शुभारंभ सुनेल चिकित्सा प्रभारी डॉ बी एम वर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर व रक्त दान करके किया गया। शिविर में 59 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ वही रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रक्त झालावाड़ एसआरजी चिकित्सालय की टीम डॉक्टर निधि सोनी भूपेंद्र कुमार नामदेव गोविंद पाटीदार गिर्राज द्वारा एकत्रित किया गया। वहीं दूसरी ओर हेमड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वहीं कोटा की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया गया।

## देवनारायण भगवान की शोभायात्रा आज

**सुनेल।** शनिवार को कटारमल जी देवनारायण मंदिर से निकाली जाएगी भगवान देवनारायण की शोभायात्रा। नगर के कटारमल जी देवनारायण मंदिर परिसर में गुर्जर समाज की बैठक आयोजित हुई ।बैठक में कैलाश गुर्जर पृथ्वी सिंह गुर्जर रामचंद्र गुर्जर कालू लाल गुर्जर रंग लाल गुर्जर कमलेश गुर्जर ईश्वर गुर्जर दिनेश गुर्जर पवन गुर्जर अनिल गुर्जर सहित सैकड़ों की तादाद में समाज बंधु उपस्थित थे बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 फरवरी शनिवार को सुबह 10:00 बजे से कटारमल देवनारायण मंदिर परिसर से भगवान देवनारायण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में 11 घुड़सवार, देव रथ, डीजे बैंड, झांकियां आदि साथ रहेंगे।

# एमआईए के उद्यागों से निकलने वाला जहरीला धुआं फैला रहा है बीमारियां

■ जलतेदीप, निस., अलवर



शहर के नजदीक उद्योग नगर में चल रहे दर्जनों उद्योग पर्यावरण विभाग के नियमों को धता बता कर जमकर प्रदूषण फैला रहे है जिससे यहां के निवासियों को अनेकों रोगों का शिकार होना पड़ रहा है। यहां के निवासियों को इन चिमनियों से निकलने वाले जहरीले धुएं के कारण सांस लेने में तकलीफ रहती है इस जहरीली धुआं के कारण यहा के निवासियों को अनेकों जानलेवा बीमारियों से दो चार होना पड रहा है।

# नवनिर्वाचित सरपंच करें पारदर्शिता और ईमानदारी से गांवों का विकासः जूली



■ जलतेदीप, निस., अलवर

श्रम राज्य मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार छोटे से छोटे गांव के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। आधारभूत सुविधाओं के साथ बेहतर जीवन जीने का अधिकार प्रत्येक ग्रामवासी को मिलना चाहिए। जूली ने आज कठूमर के ग्राम गारू, ढाकपुरी, लीली, हल्दीना एवं कैरवाडा गॉव में जनसुनवाई कर गॉवों के विकास के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

जनसुनवाई के दौरान गांवों में परिवहन, बिजली एवं पानी की आपूर्ति के विभिन्न प्रकरणों पर परिवादियों को राहत प्रदान करते हुए उन्होंने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को सख्ती से निर्देश दिये कि पंचायती राज चुनाव के कार्यों से निपटकर अब अधिकारी अपने क्षेत्रा में विकास कार्यों के प्रति गम्भीर रूख अपनाएं। इसके साथ ही उन्होंने नवनिर्वाचित सरपंच जनप्रतिनिधियों से उत्तम गुणवत्ता के निर्माण कार्य करवाए जाने एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्रा व्यक्तियों को लाभान्वित करवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नए सरपंचों में जो जोश और जुनून है उसे वे पूरे कार्यकाल में बनाए रखें और पारदर्शिता व ईमानदारी के साथ ग्रामवासियों की सेवा करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने जूली का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान शिवलाल गुर्जर, हिम्मत सिंह चौधरी, हरिकिशन मीना, बच्चू चौधरी, शादी खान व नरेन्द्र मीना आदि गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इससे पूर्व जूली ने मोती डूँगरी स्थित अपने कार्यालय पर जनसुनवाई कर करीब 125 प्रकरणों का निस्तारण किया।

## सभी ब्लाकों में लगेंगे कैंसर जांच शिविर, जागरुकता के लिए निकलेगी रैली

■ जलतेदीप, निस., दौसा

दौसा जिले के सभी ब्लाकों में कैंसर की जांच और उचित परामर्श के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पीएम वर्मा ने बताया कि जिलेभर में 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाएगा। इस दिन जिला मुख्यालय स्थित राजकीय सामान्य चिकित्सालय में और जिले के सभी ब्लाकों में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में मरीजों की स्क्रीनिंग की जाकर कैंसर की जांच की जाएगी। यदि किसी में यह रोग पाया जाता है तो उचित परामर्श देकर आगे उपचार के लिए रैफर किया जाएगा। एनसीडी प्रभारी रविन्द्र पौषवाल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन एनसीडी की ओर से किया जाएगा।

# पूर्व सरपंच जस कुंवर ने नवनिर्वाचित सरपंच अपने पति तरवर सिंह को दिया चार्ज

■ जलतेदीप, निस., सुनेल



राजस्थान के झालावाड़ जिले की सबसे बड़ी पंचायत समिति पिड़ावा मुख्यालय सुनेल के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत ढाबला भोज मैं शुक्रवार को पत्नी ने पति को ग्राम पंचायत ढाबला भोज का पदभार विधि विधान के साथ सौंपा। इस अवसर पर उप सरपंच गुमान सिंह, वार्ड पंच कमल सिंह, कनीराम, पूर सिंग, सगु बाई, मेहताबबाई, बने सिंह, ईश्वर लाल, सुजानलाल एलडीसी फरीद खान मेव, बीसी घनश्याम, श्याम सिंह, गणपत सिंह, फूल सिंह, प्रेम सिंह सहित सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत ढाबला भोज में बांस खेड़ी गांव से निरन्तरता से 22 साल से एक परिवार का सदस्य सरपंच बनते आ रहे हैं। यह परिवार पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से आज तक कांग्रेस समर्थित रहा। ग्राम पंचायत के लोग इन्हें विकास का मसीहा कहते हैं विकास के दम पर, लोगों के विश्वास पर ही यह परिवार चुनाव जीतता आ रहा है, दूसरे चरण में यहां सरपंच चुनाव हो चुके हैं। इसमें तरवर सिंह ने जीत दर्ज की। लगातार सरपंच बनने के चलते गांव के लोग अब इन्हें 'सरपंच परिवार' कहकर बुलाते हैं। उल्लेखनीय है कि नवनिर्वाचित सरपंच तरवर सिंह के बड़े भाई रघुनाथ सिंह परमार ग्राम पंचायत ढाबला भोज के गांव बांस खेड़ी के रहने वाले हैं। जिला कांग्रेस कमेटी झालावाड़ सचिव के पद पर कार्यरत है। नवनिर्वाचित सरपंच के बड़े भाई रघुनाथ सिंह परमार ने बताया कि हमारे परिवार को चौथी बार पंचायत वासियो ने सरपंच बना कर सेवा का दायित्व दिया। उन्होंने जीत का श्रेय ग्राम पंचायत वासियों एवं कांग्रेस पार्टी को दिया। ग्राम पंचायत ढाबला भोज में सन् 1983 से 1990 व सन 2000 से 2005 तक दो बार मेरे पिताजी स्व. दुल्हेसिंह परमार सरपंच रहे व इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी पिड़ावा के अध्यक्ष भी रहे। पिछले पंचायत चुनाव में (2015 से 2019) सरपंच पद पर मेरे छोटे भाई की धर्म पत्नी जसकुंवर परमार विजय हुई थी। अभी वर्तमान पंचायती चुनाव में 22 जनवरी 2020 को मेरे छोटे भाई तरवर सिंह परमार सरपंच चुने गए। हमारा परिवार सन 1975 से कांग्रेस समर्थित परिवार है ओर लगातार आज तक कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी रहे है।परमार ने कहा कि में मेरा परिवार हमेशा से कांग्रेस का कार्यकर्ता रहे , में पार्टी का सिपाही हूं और जमीन पर कार्य करता हूं। पार्टी के सिद्धांतों पर चलते हुए ग्राम पंचायत में विकास करवाए हैं। विकास और ग्रामीणों के विश्वास के कारण हमारा परिवार लगातार जीत का आ रहा है।

कमर्शियल कम्युनिकेशन भेजने में शामिल सभी टेलीकॉम ग्राहकों और बिज़नेस संस्थाओं को सलाह

ट्राई ने TCCCP विनियम, 2018 को अधिसूचित किया है, जहां टेलीकॉम में भारत के पहले और इस्तेमाल हो रहे दुनिया के सबसे बड़े ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी समर्थित डिस्ट्रीब्यूटेड लेजर (DL) प्लेटफ़ॉर्म को पेश किया गया है, जिसे विशेषज्ञों द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा.

संपूर्ण टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स (TSPs) में इस ब्लॉकचेन का विस्तार व्यक्तिगत लैंडलाइन उपयोगकर्ताओं को उनकी कम्युनिकेशन प्राथमिकताओं और सहमति को सेट करने और प्रबंधित करने, और उल्लंघन/शिकायतों के मामले में TSPs और मैसेजिंग संस्थाओं को एंड-टू-एंड विजिबिलिटी और जवाबदेही प्रदान करने का अधिकार देगी.

स्पैम पर अंकुश लगाने में इसे सफल बनाने के लिए, हमें टेलीकॉम ग्राहकों और कमर्शियल कम्युनिकेशन में शामिल बिज़नेसेस द्वारा ऐक्टिव और जिम्मेदारीभरी भागीदारी की आवश्यकता है:

**टेलीकॉम ग्राहकों को सलाह दी जाती है**

- कॉल या SMS जैसे किसी भी रूप में किसी भी प्रकार (लेन-देन/प्रचार/सेवा) के किसी भी कमर्शियल कम्युनिकेशन को भेजने के लिए उनके लैंडलाइन नंबर का उपयोग न करें. इस तरह का अनधिकृत उपयोग से ग्राहकों के उपयोग पर प्रतिबंध/ कैपिंग हो सकती है या यहां तक कि ग्राहक की सभी नंबर्स का डिस्कनेक्शन और दो साल के लिए ब्लैकलिस्टिंग भी हो सकती है.
- उचित रजिस्ट्रेशन और किसी भी/सभी TSPs उचित रजिस्ट्रेशन और ब्लॉकचेन प्लेटफ़ॉर्म में शामिल होने के बाद ही सिर्फ़ निर्धारित नंबर के सीरिज़ का इस्तेमाल कमर्शियल कॉल्स और/या अधिकृत वेब-कनेक्टिविटी के लिए किया जाएगा.
- प्रॉडक्ट श्रेणी, दिन, समय और कम्युनिकेशन के तरीके के आधार पर अपनी प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए, जिसके लिए वे प्रमोशन्स प्राप्त करना चाहते हैं या उन्हें ब्लॉक करना चाहते हैं.
- अपने सर्विस प्रोवाइडर के कॉल सेंटर @ 198 और 199, 1909 पर SMS, IVR, वेबसाइट, ऐप, ई-मेल इत्यादि द्वारा और ट्राई DND ऐप द्वारा भी अनचाहे कॉल/SMS पाने से संबंधित शिकायतों की रिपोर्ट करने के लिए.

**ऐसे बिज़नेसेस/संगठन** जो अपने ग्राहकों/संभावित ग्राहकों को कमर्शियल कम्युनिकेशन भेजना चाहते हैं उन्हें DLT प्लेटफॉर्म पर प्रिंसिपल एंटिटी के रूप में कम से कम एक TSP के साथ अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन करना होगा, उसके बाद:

- सभी हेडर/TSP सेंडर IDs/नंबर्स का रजिस्ट्रेशन, जिससे वे कमर्शियल कम्युनिकेशन भेजना चाहते हैं.
- सभी कमर्शियल कम्युनिकेशन की कॉल और SMS सामग्री को पोर्टल पर पूर्व-रजिस्ट्रेशन किया जाना चाहिए.
- माइग्रेशन फ़ेज़ में सभी मौजूदा ग्राहक की सहमति (छह महीने से ज़्यादा पुराना न हो) का जमा करना होगा.
- भविष्य की सभी सहमतियां सिर्फ़ डिजिटल द्वारा प्राप्त, सत्यापित और रिकॉर्ड होंगी.
- कोई भी कमर्शियल कम्युनिकेशन, जो फ़ॉरवर्ड किया जा रहा है, केवल उन्हीं संस्थाओं/बिज़नेसेस/संगठनों के लिए अनुमति दी जाएगी जिन्होंने पोर्टल पर स्वयं को, अपने हेडर और टेम्पलेट पोर्टल का रजिस्ट्रेशन किया होगा.
- सभी कमर्शियल कम्युनिकेशन को उन्हें भेजने जाने से पहले ग्राहकों की पसंद और सहमति के साथ पहले सत्यापित किया जाएगा.

वे संस्थाएं/बिज़नेसेस/संगठन जो अपने ग्राहकों/संभावित ग्राहकों को कमर्शियल कम्युनिकेशन भेजना चाहते हैं उन्हें कम से कम एक TSP के साथ रजिस्ट्रेशन करना होगा सोमवार, 3 फ़रवरी, 2020 तक, जिसके बाद अगर ट्राई के दिशानिर्देशों के अनुसार रजिस्ट्रेशन नहीं किया होगा, तो कोई भी संस्था कमर्शियल कम्युनिकेशन नहीं भेज पाएगी.

टेलीमार्केटर, प्रिंसिपल एंटिटी, हेडर का रजिस्ट्रेशन, कॉल/SMS टेम्प्लेट के रूप में रजिस्ट्रेशन के लिए, कृपया नीचे दिए गए लिंक पर जाएं.

**https://telemarketer.tatateleservices.com:8082/#/**

रजिस्ट्रेशन संबंधी अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे दिए गए लिंक पर जाएं:

**https://main.trai.gov.in/sites/default/files/RegulationUcc19072018.**

tatateleservices.com TATA TELE BUSINESS SERVICES DO Big

**टाटा टेलीसर्विसेस लि.** | **रजिस्टर्ड ऑफ़िस का पता:** टावर 1, जीवन भारती, 124, 10 वीं मंज़िल, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली - 110 001 | कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नंबर: U74899DL1995PLC066685 | **टाटा टेलीसर्विसेस (महाराष्ट्र) लि.** | **रजिस्टर्ड ऑफ़िस का पता:** वोल्टास प्रीमाइसेस, टी.बी. कदम मार्ग, चिंचपोकली, मुंबई, महाराष्ट्र - 400 331 | कॉर्पोरेट आइडेंटिटी नंबर: L64200MH1995PLC086354 फ़ोन: 1800 266 1515 ई-मेल: 1515@tatatel.co.in

# जिला स्तरीय निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

■ जलतेदीप, निस., दौसा

सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विकास संस्थान जयपुर के तत्वाधान में शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय खेडली दौसा में एमएसएमई विकास संस्थान जयपुर के सहायक निदेशक जितेन्द्र कुमार मीना व संस्था प्रधान समता चौबे के निर्देशन में जिले मे लघु उद्योगों के विकास की संभावनाये विषय पर निबंध एवं जिले में प्रचलित कला एवं काष्ठ विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिताये आयोजित की गई। सहायक निदेशक जितेन्द्र कुमार मीना ने बताया कि यह प्रतियोगिता सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 में अध्ययन छात्रा-छात्राओ के लिये रखी गई थी।

उक्त प्रतियोगिताओ में 62 छात्रा -छात्राओ ने भाग लिया। जिसमें से चित्राकला प्रतियोगिता में 20 व निबंध प्रतियोगिता में 42 छात्रा-छात्राओ ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के परिणाम गठित कमेटी के सदस्य जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबन्धक शिल्पा गोखरू,दौसा औद्योगिक संघ के अध्यक्षमनोहर लाल गुप्ता द्वारा शीघ्र ही जारी किये जायेगें। उक्त दोनों प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को 10 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को 7500 रूपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतियोगी को 5 हजार रूपये उनके बैंक खातों में स्थानान्तरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दोनों प्रतियोगिताओं का संचालन व्याख्याता नरेन्द्र सिंह तोमर व रूप सिंह मीना ने किया। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विकास संस्था जयपुर की टीम में बनवारी लाल कुमावत,वरिष्ठ लिपिक मदन लाल मीना व स्थानीय स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

## पशु क्रूरता निवारण समिति कि बैठक 7 को

दौसा। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. निरंजन शर्मा ने बताया कि पशु क्रूरता निवारण समिति कि बैठक का आयोजन जिला कलक्टर की अध्यक्षता में 7 फरवरी 2020 को प्रातः 11 बजे जिला कलक्टेऽट सभागार में किया जायेगा। संयुक्त निदेशक ने बताया कि समिति कि बैठक के एजेण्डे में राज्य के सभी जिलों कि पशु क्रूरता निवारण समिति के विधान में एकरूपता लाने के लिए संशोधित विधान का अनुमोदन एवं विधान के अनुसार नये सदस्यों का चुनाव कराने एवं समिति द्वारा जिले में किये जाने वाले कार्यो पर चर्चा की जायेगी।

## बृज उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले का शुभारम्भ 3 को

■ जलतेदीप, निस., भरतपुर

बृज उद्योग एवं हस्तशिल्प मेला 2020 का 3 फरवरी को शाम 5 बजे ग्रामीण हाट परिसर में शुभारम्भ होगा। जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक बीएल मीना ने बताया कि बृज उद्योग एवं हस्तशिल्प मेले से आमजन को जोडने एवं उनके मनोरंजन के लिए सामाजिक एवं औद्योगिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 4 एवं 5 फरवरी को शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक संध्या, 6 फरवरी को अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन, 7 फरवरी को मेंहदी प्रतियोगिता(महिला) दोपहर 1 से 2 बजे तक तथा शाम 7 बजे से सांस्कृतिक संध्या, 8 फरवरी को रंगोली प्रतियोगिता (महिला) दोपहर 1 से 2 बजे तक एवं मेजिक शो शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजन किया जायेगा। 9 फरवरी को शाम 7 से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा तथा 10 फरवरी शाम 4 बजे मेले का समापन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में राज्य के विभिन्न जिलों से हस्तशिल्प उद्योग से जुड़े उत्पादों की स्टॉलें लगायी जायेंगी।

# मतदाता अपने विवेक से निर्णय लेकर करें मतदानः मीना

■ जलतेदीप, निस., दौसा

केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी टी आर मीना ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता की पहचान मत से ही होती है तथा मतदाता का स्थान महत्वपूर्ण होता है।

सभी मतदाता अपने विवके से निर्णय लेकर मतदान करे ताकि सही जनप्रतिनिधि को चुना जा सके। शुक्रवार को कलेक्टेट सभा भवन में आयोजित निर्वाचन विभाग के उच्चाधिकारीगण द्वारा मार्ग दर्शन व प्रेरणा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केरल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह बात कही। उन्होने कहा कि स्वीप के माध्यम से आमजन में चेतना जागृत करने के साथ ही पात्र युवाओं के नाम मतदाता सूची में जुडवाने व चुनाव के दौरान मतदान के लिये प्रेरित करे। लोकतंत्र में चुनाव को महाउत्सव के रूप में ले कर मतदान करवाया जाता है। चुनाव के दौरान आमजन को आगे आकर सही व देश के विकास में सहयोग करने वाले जनप्रतिनिधियों का चुनाव करना चाहिये।उन्होने कहा कि देश में सत्ता का परिवर्तन शांति से होता है, मतदाताओं ने मतदान के माध्यम से जिस पार्टी को बहुमत दिया जाता है वे सरकार चलाते है तथा जिन्हे बहुमत नही मिलता है वे अपने पदो से त्याग पत्रा दे देते है। भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर हमे गर्व है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वीप के तहत जिले में गठित ईएलसी के माध्यम से आमजन में मतदाता सूची में नाम जुडवाने के साथ साथ चुनाव के दौरान आमजन द्वारा मतदान करने के बारे में लोगों में चेतना जागृत करने के लिये आगे आकर कार्य करना चाहिये। जिले में स्वीप के माध्यम से अच्छा काम किया जा रहा है। सभी नागरिकों को जिम्मेदारी के साथ मतदान करना चाहिये ताकि देश का सर्वागींण विकास करने वाली सरकार का गठन हो सके।

उन्होने जिले में संचालित स्वीप गतिविधियों की प्रशंसा करते हुये ईएलसी द्वारा और प्रयास करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रदेश की पूर्व अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वीप के तहत गठित ईएलसी दल मतदाता सूची में नाम जुडवाने, मतदाताओं में मतदान के लिये चेतना जागृत करने के लिये आगे आकर कार्य करे। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन में अधिक से अधिक मतदान करने व करवाने , आदर्श आचार संहिता के बारे में जानकारी दे ताकि स्वच्छ एवं सही जनप्रतिनिधि का चुनाव किया जा सके। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी लोकेश कुमार मीना ने अतिथियों का स्वागत करते हुये जिले में संचालित स्वीप गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। स्वीप प्रभारी एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एल के बालोत ने बताया कि जिले में 354 सरकारी व 368 गैर सरकारी सैकण्डरी एवं हायर सैकण्डरी विद्यालयों तथा 21 सरकारी व गैर सरकारी कालेजों में ,1237 बीएलओ ईएलसी तथा लायन्स क्लब, रोटरी क्लब व व्यापार मण्डल आदि के भी ईएलसी दल गठित किये गये है। इन दलों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जुडवाने व मतदान करने व करवाने के बारे में जानकारी दे कर लोगों को प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान स्वीप के कलाजत्था दल द्वारा सभी जनमत को आगे आये,देश का मान बढाये गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी टी आर मीना ने ईएलसी दल के छात्रा-छात्राओं से मतदाता सूची में नाम जुडवाने, मतदान करवाने, लोगों को प्रेरित करने व चेतना जागृत करने आदि के बारे में जानकारी लेते हुये केरल में किये गये कार्यो के बारे में भी बताया । इससे पूर्व उन्होने स्वीप प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घघाटन किया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होने सभी छात्रा छात्राओ का उत्साहवर्धन किया।

## नेत्र ऑपरेशन शिविर में 85 मरीजों की जांच की

**अलवर।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केन्द्र द्वारा निन्शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर शुक्रवार को प्रातः 8.30 से 11.00 बजे तक आचार्य हस्ती चिकित्सालय, शान्ति कुंज अलवर में लगाया गया। इस शिविर में 85 मरीजों की नेत्र जाँच कर मोतिया बिन्द के 30 मरीज चिन्हित किये गये।

मोतिया बिन्द के चिन्हित 30 मरीजों के लेन्स प्रत्यारोपण के ऑपरेशन आचार्य हस्ती चिकित्सालय, शान्ति कूंज अलवर में निन्शुल्क किये जायेगे तथा मरीजों को ऑपरेशन के बाद रहने-खाने व दवाईया तथा चश्में निःशुल्क दिए जाएंगे। आंखों के ऑपरेशन कराने वाले मरीज वोटर आईडी व राशन कार्ड की फोटोप्रति अवश्य साथ लावे। यह जानकारी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुरेन्द्र जैन द्वारा दी गई।

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR
अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 337/ 19-20
निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (रु.) |
|---|---|
| Additional works in Building of Regional Office, Pali UBN No.: RRC1920WSOB00737 | 17.94 Lac |

ऑनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अवधि दिनांक 31.01.2020 प्रातः 09.00 बजे से 06.02.2020 सायं 06.00 बजे तक
निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक
No. NIT/2019-20/30853-61 Date: 31.01.2020

## सार-समाचार

### दूसरी तिमाही में 1,700 सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों की बिक्री 7.7 प्रतिशत घटीः समीक्षा

■ एजेंसी, नई दिल्ली

देश की करीब 1,700 सूचीबद्ध कंपनियों की बिक्री चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में 7.7 प्रतिशत घट गई। इससे पिछले तीन साल तक इन कंपनियों की बिक्री लगातार बढ़ी थी। आर्थिक समीक्षा 2019-20 में यह जानकारी दी गई है। संसद में शुक्रवार को पेश आर्थिक समीक्षा में कंपनियों के प्रदर्शन पर रिजर्व बैंक के अध्ययन के हवाले से कहा गया है कि सितंबर तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों की मांग घटी। समीक्षा कहती है कि इस सुस्ती में मुख्य रूप से पेट्रोलियम उत्पादों, लौह एवं इस्पात, मोटर वाहन और अन्य परिवहन उपकरण कंपनियों का योगदान रहा। समीक्षा में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की जून की पहली तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र का शुद्ध लाभ घटा है। मुख्य रूप से उत्पादन कम रहने से मुनाफा घटा है। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कॉरपोरेट क्षेत्र का शुद्ध लाभ 17.4 प्रतिशत बढ़ा। विनिर्माण क्षेत्र द्वारा अपनी क्षमता के इस्तेमाल के बारे में समीक्षा में कहा गया है कि यह जून तिमाही में 73.6 प्रतिशत पर स्थिर रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 73.8 प्रतिशत था।

### विदेशों में मंदी के रुख के चलते स्थानीय तेल तिलहन बाजार में गिरावट

■ एजेंसी, नई दिल्ली

विदेशी बाजारों में मंदी के रुख के बीच ऊंचे भाव पर खाद्य तेलों की मांग कमजोर पड़ने से दिल्ली तेल तिलहन बाजार में शुक्रवार को सरसों, सोयाबीन, पामोलीन सहित विभिन्न खाद्य तेलों में नरमी का रुख रहा और तेल तिलहन कीमतें हानि दर्शाती बंद हुई। बाजार सूत्रों ने बताया कि विदेशी बाजारों में तेल कीमतों में मंदी का रुख है और बाजार में पामोलीन की बिल्कुल मांग नहीं है। सरसों का नया न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) अप्रेल से बढ़कर 4,425 रुपए प्रति क्विंटल हो जाएगा। लेकिन वायदा कारोबार में अप्रेल अनुबंध का भाव सभी शुल्क सहित 4,120 रुपए और लूज में 3,800 रुपए क्विंटल यानी नीचे बिक रहा है। बाजार सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा अफ्रीका से शून्य शुल्क पर सोयाबीन बीज का आयात हो रहा है जिससे स्थानीय किसान प्रभावित हो रहे हैं। इसे बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को सोयाबीन तेल पर आयात शुल्क में 10 प्रतिशत वृद्धि करनी चाहिए और पाम तेल पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगा देनी चाहिये ताकि किसान के हितों की रक्षा हो। सरसों शुक्रवार को 30 रुपये टूटकर 4,250-4,270 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। सरसों तेल दादरी का भाव 50 रुपये टूटकर 8,650 रुपये प्रति क्विंटल रह गया जबकि सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी की कीमतें पांच- पांच रुपए की हानि के साथ क्रमशः 1,365-1,515 रुपए और 1,385-1,535 रुपए प्रति टिन रह गई।

### सोना एक बार फिर 42 हजार के पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 10 ग्राम सोने का भाव 42,000 रुपए को पार कर गया। विदेशों में तेजी से दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना आज 100 रुपए चमककर 42,020 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। यह 08 जनवरी के बाद का इसका उच्चतम स्तर है। चांदी भी 250 रुपए चमककर 47,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। विदेशों से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 4.40 प्रतिशत चमककर 1,579.20 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा 5.10 डॉलर की गिरावट के साथ 1,584.10 डॉलर प्रति औंस बोला गया। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि नोवेल कोरोना वायरस के लेकर जारी चिंता से सोने को बल मिला है। चांदी हाजिर भी 0.06 डॉलर चढ़कर 17.85 डॉलर प्रति औंस पर रही। स्थानीय बाजार में सोना स्टैंडर्ड 100 रुपए चमककर तीन सप्ताह से ज्यादा के उच्चतम स्तर 42,020 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। सोना बिटुर भी इतनी ही तेजी के साथ 41,850 रुपए प्रति दस ग्राम पर रहा। आठ ग्राम वाली गिन्नी 30,800 पर अपरिवर्तित रही।

# गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, 190 अंक टूटा

■ एजेंसी, नई दिल्ली



बजट से एक दिन पहले शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 190.33 अंक टूटकर 40,723.49 और निफ्टी 73.70 अंक के नुकसान के साथ 11,962.10 के स्तर पर बंद हुआ। आज आर्थिक सर्वेक्षण से पहले शुरुआती कारोबार शेयर बाजार में तेजी नजर आई लेकिन कारोबार के दारन यह लाल निशान पर आ गया। सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण जारी करने से पहले सेंसेक्स में शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में अच्छी तेजी देखी गई। हालांकि, यह तेजी ज्यादा समय तक बरकरार नहीं रह सकी और सूचकांक करीब 50 अंक बढ़कर चल रहा है। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 48.03 अंक यानी 0.12 प्रतिशत बढ़कर 40,961.85 अंक पर पहुंच गया। एक समय सेंसेक्स 168.91 अंक यानी 0.41 प्रतिशत बढ़कर 41,082.73 अंक पर पहुंच गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी शुरुआती दौर में मामूली 3.20 अंक यानी 0.03 प्रतिशत गिरकर 12,032.60 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे ज्यादा 4 प्रतिशत की तेजी कोटक महिंद्रा बैंक में आई। बजाज ऑटो, इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हीरो मोटोकॉर्प, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल भी लाभ में रहे।

इसके विपरीत पावरग्रिड, ओएनजीसी, एचसीएल टेक, एनटीपीसी और टीसीएस के शेयरों में गिरावट रही। विश्लेषकों के मुताबिक, शेयर बाजार अब पूरी तरह से आर्थिक सर्वेक्षण और केंद्रीय बजट पर ध्यान दे रहा है। उम्मीद की जा रही है कि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बजट में जरूरी कदम उठाए जाएंगे। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी से भी निवेशकों का रुख सकारात्मक रहा।

### लेक्सस ने पहली 'भारत में निर्मित' ईएस-300एच कार पेश की, कीमत 51.9 लाख रुपए

■ एजेंसी, नई दिल्ली

कार बनाने वाली जापानी कंपनी टोयोटा की लक्जरी इकाई लेक्सस ने शुक्रवार को अपनी पहली भारत में निर्मित कार ईएस-300एच पेश की। कंपनी ने इसकी असेंबलिंग देश में ही की है। इसकी कीमत 51.9 लाख रुपए से शुरू होती है। कंपनी ने अपने बेंगलुरू संयंत्र में इस लक्जरी सेडान का उत्पादन शुरू किया है। इसकी बाजार में फरवरी से डिलीवरी होने की उम्मीद है। यह कार बीएस-6 मानकों के अनुरूप विकसित की गयी है। कंपनी ने जानकारी दी कि ईएस-300एच एक्यूजीसाइट की दिल्ली के शोरूम में कीमत 51.9 लाख रुपये और ईएस-300एच लक्जरी की कीमत 56.95 लाख रुपये है। कंपनी ने इसके अलावा दो और उत्पाद एलसी-500एच कूपे और एनएक्स-300एच एफ स्पोर्ट भी पेश की है। जिनकी कीमत क्रमशः1.96 करोड़ रुपये और 54.9 लाख रुपए से शुरू होती हैं।

# राजस्थान के विभिन्न सार्वजनिक बैंकों की करीब 4000 शाखाओं में ताला

■ दैनिक जलतेदीप, वासं, जयपुर

राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के समर्थन में राजस्थान के सरकारी बैंकों के यूनियन नेताओं ने दावा किया कि विभिन्न मांगों को लेकर राज्य के करीब 30,000 कर्मचारी और अधिकारी शुक्रवार को हड़ताल पर रहे। इससे करीब 10 हजार करोड़ रुपए का बैंकिंग लेन-देन प्रभावित हुआ। भारतीय बैंक संघ के साथ वेतन समझौता वार्ता असफल होने के बाद जयपुर सहित राजस्थान के बैंक कर्मियों ने हड़ताल का बिगुल फूकते हुए काम बंद किया। राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के समर्थन में आज राजधानी में चपरासी से लेकर के सहायक महाप्रबंधक तक सैकड़ों बैंककर्मी सुबह अंबेडकर सर्किल के पास इलाहाबाद बैंक के सामने एकत्रित हुए और आईबीए के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में वेतन समझौता शीघ्र किए जाने, बैंकों में 5 दिन का सप्ताह किए जाने, विशेष भत्ते को मूल वेतन में जोड़ने, पेंशन में सुधार किए जाने, पारिवारिक पेंशन में इजाफा करने, सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले समूचे परिलाभों पर आयकर से छूट दिए जाने, लीव बैंक का गठन करने तथा अधिकारियों के लिए काम के घंटे नियत करना आदि शामिल है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के संयोजक और ऑल इंडिया बैंक एम्पलाईज एसोसिएशन के नेता महेश मिश्रा ने एक बयान में दावा करते हुए कहा




कि आज की हड़ताल से प्रदेश में 10,000 करोड़ रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ। वेतन समझौते के लिए कर्मचारी घंटों तक आईबीए के खिलाफ नारे लगाते रहे। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के संबंध में प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन राज्यपाल के सचिव को सौंपा गया। मिश्रा ने बताया कि कल हड़ताली कर्मचारी प्रातः साढ़े 10 बजे इलाहाबाद बैंक के सामने एकत्रित होंगे जहां प्रदर्शन एवं सभा आयोजित की जाएगी।

### पावरग्रिड का तीसरी तिमाही में मुनाफा 14 प्रतिशत बढ़कर 2,672 करोड़ रुपए

■ एजेंसी, नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पावरग्रिड कॉरपोरेशन का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में करीब 14 प्रतिशत बढ़कर 2,672.03 करोड़ रुपए हो गया। आय में वृद्धि से कंपनी का लाभ बढ़ा है। एक साल पहले की इसी तिमाही में उसे 2,345.97 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने मुंबई शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,541.13 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में उसकी आय 8,878.73 करोड़ रुपए थी। कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ अप्रेल-दिसंबर अवधि में बढ़कर 7,745.93 करोड़ रुपए रहा। 2018-19 की इसी अवधि में उसके लाभ का आंकड़ा 6,972.09 करोड़ रुपए था। 2018-19 में कंपनी का शुद्ध लाभ 10,033.52 करोड़ रुपए था। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में कंपनी की कुल आय भी बढ़कर 28,163.31 करोड़ रुपए हो गई। एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 25,973.41 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान कुल आय 35,661.32 करोड़ रुपये रही।

### वेदांता का मुनाफा दिसंबर तिमाही में 2,348 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** आय में गिरावट के बावजूद वेदांता लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर 2019 तिमाही में 49.1 प्रतिशत बढ़कर 2,348 करोड़ रुपये रहा। खर्च में कटौती से मनाफा बेहतर हुआ। एक साल पहले इसी अवधि में कंपनी को 1,574 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। वेदांता लिमिटेड ने बंबई शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी एकीकृत आय घटकर 22,007 करोड़ रुपये रही, जो एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर में 25,067 करोड़ रुपये थी।

### अर्थव्यवस्था के लिए फिर बुरी खबर, कोर सेक्टर्स का ग्रोथ रेट घटकर 1.3 फीसदी

■ एजेंसी, नई दिल्ली



सुस्ती से जूझ रही अर्थव्यवस्था को उद्योग के मोर्चे पर शुक्रवार को एक बार फिर झटका लगा है। दिसंबर में देश के आठ बुनियादी सेक्टर्स का ग्रोथ रेट घटकर 1.3 फीसदी रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 2.1 फीसदी था।

यह लगातार पांचवां महीना है, जब इन आंकड़ों में गिरावट देखी गई है। सरकारी आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली। नवंबर में आठ बुनियादी सेक्टर्स का ग्रोथ रेट घटकर 1.5 फीसदी रहा था। आठ बुनियादी क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, नेचुरल गैस, रिफाइनरी उत्पाद, फर्टिलाइजर्स, स्टील, सीमेंट तथा इलेक्ट्रिसिटी शामिल हैं। ग्रोथ रेट में यह कमी प्राकृतिक गैस तथा कच्चा तेल उद्योग के उत्पादन में गिरावट के कारण आई है। प्राकृतिक गैस के उत्पादन में 9 फीसदी से अधिक की गिरावट आई है, जबकि कच्चा तेल का उत्पादन 7 फीसदी घट गया है। कोयला उत्पादन में 6.1 फीसदी की वृद्धि देखी गई, जबकि सीमेंट उद्योग में भी 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इन आंकड़ों से हालांकि यह मानना सही नहीं होगा कि अर्थव्यवस्था में सुस्ती बरकरार है, क्योंकि पिछले कुछ हफ्तों में कंपनियों के नतीजे सकारात्मक आए हैं। साथ ही, अर्थव्यवस्था से जुड़े कई सूचकांक भी इस ओर इशारा कर रहे हैं कि इकॉनोमी धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है।

## खेल दीप

## सार-समाचार

### क्रिस गेल नेपाल में लगाएंगे T20 कॅरियर का 1000वां सिक्स, बनाएंगे करिश्माई रेकॉर्ड

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज क्रिस गेल काठमांडू में 29 फरवरी से शुरू हो रहे नेपाल के घरेलू टी20 टूर्नामेंट एवरेस्ट प्रीमियर लीग में पोखरा राइनोज की ओर से खेलेंगे। अब फ्रीलांस टी20 खिलाड़ी बन चुके 40 साल के गेल ने ट्विटर पर इसकी घोषणा की। लीग के आयोजकों के ट्विटर पोस्ट पर गेल ने कहा, 'मैं सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता, एवरेस्ट प्रीमियर लीग के लिए नेपाल जाऊंगा। आइए और मेरी टीम पोखरा राइनोज का समर्थन करें। नेपाल गेल के तूफान के लिए तैयार हो जाओ।' लीग के आयोजकों ने भी अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर गेल के खेलने की पुष्टि की। आयोजकों ने ट्वीट किया, 'नेपाल, मार्च में तूफान की भविष्यवाणी है। गेल ने पोखरा राइनोज की ओर से एवरेस्ट प्रीमियर लीग में खेलने की पुष्टि कर दी है। क्या आप गेल के तूफान के लिए तैयार हो।' रिकॉर्ड पर नजर डालें तो गेल टी20 क्रिकेट में 978 छक्के लगा चुके हैं। 1000 सिक्स से वह केवल 22 छक्के दूर हैं। फॉर्म और उनकी विस्फोटक बैटिंग को देखते हुए कहा जा सकता है कि यह करिश्माई रिकॉर्ड वह नेपाल में पूरा कर सकते हैं। अगर ऐसा होता है तो वह इस मुकाम पर पहुंचने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज होंगे। रनों की बात करें तो उनके नाम 404 टी20 मैचों में 13296 रन हैं। इस दौरान उन्होंने 22 टी20 शतक और 82 अर्धशतक लगाए हैं।



### म्लादेनोविच , बाबोस ने आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब जीता

**मेलबर्न।** फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच और हंगरी की टिमिया बाबोस ने शीर्ष वरीयता प्राप्त सियेह सू वेइ और बारबरा स्ट्रायकोवा को हराकर दूसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन महिला युगल खिताब जीत लिया। दोनों ने विम्बलडन चैम्पियन टीम को 6-2, 6-1 से मात दी। यह उनका साथ में तीसरा और कुल दसवां ग्रैंडस्लैम है। पिछले साल दोनों फाइनल में सैम स्टोसुर और झांग शुआइ से हार गए थे।

### वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियन पी.वी. सिन्धु ने सुब्रत राय से मुलाकात की

**लखनऊ।** वर्ल्ड बैडमिंटन चैम्पियन पी.वी. सिन्धु ने अपने पिता पी.वी रमना के साथ सहारा इंडिया परिवार के मैनेजिंग वर्कर और चैयरमैन सहारा सुब्रत राय सहारा से सहारा शहर में मुलाकात की। इस दौरान सिन्धु से सहारा ने उनके भविष्य के मुकाबलों के बारे में चर्चा की और उन्हें उनके ओलम्पिक गोल्ड जीतने के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं की।

### आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में भिड़ेंगी केनिन और मुगुरूजा

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल फाइनल में गैर वरीय गार्बाइन मुगुरूजा का सामना सोफिया केनिन से होगा और टूर्नामेंट से पहले सेरेना विलियम्स को प्रबल दावेदार मान रहे टेनिसप्रेमियों ने इस फाइनल की कल्पना भी नहीं की होगी । उलटफेरों से भरे टूर्नामेंट में 21 वर्ष की केनिन अगर स्पेन की मुगुरूजा को हरा देती है तो 'जाइंट किलर ' साबित होंगी । ऐसा करने पर वह सेरेना को पछाड़कर अमेरिका की नंबर एक खिलाड़ी भी बन जायेगी । अमेरिका की 38 वर्ष की सेरेना आस्ट्रेलिया की मार्गरेट कोर्ट के 24 ग्रैंडस्लैम के रिकार्ड की बराबरी से एक खिताब दूर है । उन्हें तीसरे दौर में चीन की वांग कियांग ने हराया। गत चैम्पियन नाओमी ओसाका भी तीसरे चरण में 15 वर्ष की कोको गॉ से हार गई थी। गॉ को अमेरिका की केनिन ने मात दी।

# भारत ने सुपर ओवर में फिर की न्यूजीलैंड की धुलाई, टीम इंडिया 4-0 से आगे

■ एजेंसी, नई दिल्ली



भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को फिर से सुपर ओवर में हरा दिया है। इसके साथ ही विराट कोहली की अगुवाई में टीम इंडिया ने इस सीरीज में अब 4-0 से आगे हो गई। सुपर ओवर में न्यूजीलैंड ने भारत को 14 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में भारत ने 5 गेंदों पर ही मैच जीत लिया। केएल राहुल ने शुरुआती दो गेंदों पर 10 रन बनाकर मैच में भारत को आगे कर दिया। बाद में विराट कोहली ने विजयी चौका लगा दिया। इसके साथ ही अब सोशल मीडिया पर मजेदार मीम्स बनने लगे हैं।

आखिरी ओवरों में शार्दुल ठाकुर समेत अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने सुपर ओवर में लगातार दूसरी जीत दर्ज करके हुए पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में 4-0 से बढ़त बनाकर न्यूजीलैंड को 'व्हाइटवाश' की कगार पर पहुंचा दिया। भारत के आठ विकेट पर 165 रन के जवाब में न्यूजीलैंड जीत की ओर बढ़ रहा था। उसे आखिरी ओवर में जीत के लिए सात रन चाहिये थे जबकि उसके सात विकेट सुरक्षित थे। कप्तान विराट कोहली ने ठाकुर को यह ओवर सौंपा और पहली ही गेंद पर रोस टेलर (24) आउट हो गए । दूसरी गेंद पर डेरिल मिशेल ने चौका जड़ दिया।

अगली गेंद पर हालांकि टिम सीफर्ट (57) रन आउट हो गए, चौथी गेंद पर एक रन बना लेकिन अगली दो गेंद पर मिशेल और सेंटनेर अपना विकेट गंवा बैठे। मिशेल का कैच मिडआफ पर शिवम दुबे ने लपका जबकि सेंटनेर रन आउट हुए हालांकि वह एक रन दौड़ चुके थे जिससे मैच सुपर ओवर तक खिंचा। सुपर ओवर में न्यूजीलैंड ने एक विकेट खोकर 13 रन बनाए। भारत के लिए के.एल. राहुल और कोहली सुपर ओवर में उतरे। राहुल ने टिम साउदी की पहली गेंद पर छक्का और दूसरी गेंद पर चौका लगाकर राह आसान कर दी। वह तीसरी गेंद पर आउट हो गए लेकिन कोहली ने चौथी गेंद पर दो रन और पांचवीं पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले तीसरे टी20 मैच में रोहित शर्मा ने सुपर ओवर में आखिरी दो गेंद पर छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। सुबह मनीष पांडे ने 36 गेंद में नाबाद 50 रन बनाकर भारत को आठ विकेट पर 165 रन तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड के लिये सीफर्ट और कोलिन मुनरो (64) के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई भारतीय टीम ने एक समय छह विकेट 88 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद पांडे ने पारी को संभालकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। के.ए. राहुल ने 26 गेंद में 39 रन का योगदान दिया जिसमें तीन छक्के और दो चौके शामिल थे।

# इस्लाम कबूल कर लो! पाक क्रिकेटर दानिश कनेरिया का जवाब- हिंदू ही रहूंगा

■ एजेंसी, कराची



पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर दानिश कनेरिया एक बार फिर सुर्खियों में हैं। 39 साल के कनेरिया सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। इस दौरान एक महिला प्रशंसक ने उनसे इस्लाम कबूल कर लेने की अपील की थी। उसने कहा कि इस्लाम के बिना जीवन कुछ भी नहीं है।

ट्विटर पर #AskDanish सेशन के दौरान कनेरिया ने अपनी उस प्रशंसक को जवाब देने में देर नहीं लगाई और लिखा कि आपकी तरह कई ने यह कोशिश की, लेकिन उन्हें कामयाबी नहीं मिली।

दरअसल, आमना गुल नाम की यूजर ने दानिश कनेरिया को लिखा- आप इस्लाम कबूल कर लीजिए। इस्लाम सब कुछ है। मैं जानती हूं कि इस्लाम के बिना जीवन कुछ भी नहीं है। आपकी जिंदगी मौत जैसी है। आप इस्लाम कबूल कर लीजिए। कनेरिया ने झट जवाब दिया, आपकी तरह कई लोगों ने मेरे धर्म को बदलने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। इतना ही नहीं, दानिश कनेरिया ने एक यूजर को जवाब दिया- 'हिंदू होने पर गर्व है'।

तभी एक यूजर ने कनेरिया से पूछ ही लिया कि क्या आप पाकिस्तान में सुरक्षित महसूस नहीं करते।? कनेरिया ने जवाब दिया- मैं यहां बिलकुल सेफ हूं। मैंने कहा था कि कुछ लोगों ने कोशिश की थी। शब्दों के साथ न खेलें।

गौरतलब है कि दानिश कनेरिया पिछले साल दिसंबर में अचानक चर्चा में आए थे, जब पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने दावा किया था कि कुछ पाकिस्तानी क्रिकेटर कनेरिया के साथ खाना खाने से भी हिचकते थे क्योंकि वह हिंदू है। हालांकि बाद में अख्तर ने साफ किया है कि कनेरिया के संबंध में दिए गए उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया।

### महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी को वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर अवॉर्ड

■ एजेंसी, नई दिल्ली




भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल को वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर अवॉर्ड मिला है। वे यह पुरस्कार पाने वाली पहली भारतीय हैं। उन्हें 199477 वोट मिले, जबकि कुल 705,610 वोट पड़े। द वर्ल्ड गेम्स ने गुरुवार को विजेता की घोषणा करते हुए कहा, 'भारतीय हाकी की सुपरस्टार रानी वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर 2019 हैं। हॉकी इंडिया ने इस पुरस्कार के लिए रानी को बधाई दी।

यूक्रेन की कराटे खिलाड़ी स्टेनिसलाव होरुना दूसरे स्थान पर, जबकि कनाडा की पावरलिफ्टर रिया स्टिन तीसरे स्थान पर रहीं। पिछले साल एक्रोबैटिक जिम्नास्टिक्स में अच्छा प्रदर्शन करने वालीं मारिया चर्नोवा-जियोर्जी पटारिया की रूसी जोड़ी को यह पुरस्कार मिला था। इन्हें कुल 159,348 वोट मिले थे। इस पुरस्कार के लिए वोटिंग जनता करती है। यह अवॉर्ड खेल के मैदान में शानदार प्रदर्शन, सामाजिक प्रतिबद्धता और अच्छे व्यवहार के लिए दिया जाता है। शुरुआत में 25 खेलों से 25 खिलाड़ियों (पुरुष और महिला) को नामित किया गया था। वोटिंग के अंतिम राउंड में खिलाड़ियों की संख्या घटकर दस रह गई थी। न्यूजीलैंड दौर पर गई रानी ने यह सम्मान हासिल करने के बाद कहा, यह पुरस्कार पाना मेरे लिए बड़े गौरव की बात है। यह पुरस्कार मेरी टीम और देश को जाता है।

# हरमनप्रीत कौर की ताबड़तोड़ी पारी, भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड को आखिरी ओवर में दी मात

■ एजेंसी, कैनबरा



त्रिकोणीय सीरीज का ये मुकाबला भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच खेला गया। इस मैच की दिलचस्प बात ये रही कि दोनों ही टीमों की कप्तानों ने टीम के स्कोर में अहम योगदान दिया। मगर जब मुकाबला खत्म हुआ तो भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद 42 रन इंग्लैंड टीम की कप्तान हीदर नाइट पर भारी पड़ गए। हरमनप्रीत कौर के नाबाद 42 रन और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने महिला टी20 त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड को पांच विकेट से हराकर शानदार आगाज किया। त्रिकोणीय सीरीज की तीसरी टीम ऑस्ट्रेलिया है। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन कोई भी खिलाड़ी अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सकीं। भारतीय शीर्षक्रम में 15 वर्ष की शेफाली वर्मा ने 30, जेमिमा रोड्रिग्ज ने 26 और स्मृति मंधाना ने 15 रन बनाए। वेदा कृष्णामूर्ति (7) और तानिया भाटिया (11) भी ज्यादा देर टिक नहीं सकीं। मगर हरमनप्रीत कौर ने एक छोर थामे रखा। आखिरी ओवर में भारत को छह रन की जरूरत थी। ऐसे में हरमनप्रीत ने शानदार छक्का लगाकर तीन गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिला दी। भारतीय कप्तान ने 34 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया।

इससे पहले, इंग्लैंड के शीर्षक्रम की कोई भी खिलाड़ी बड़ा योगदान नहीं दे सकीं। सलामी बल्लेबाज एमी जोंस (1) और डैनी वॉयट (4) जल्दी आउट हो गईं। नताली (20) और फ्रान विलयन (सात) भी ज्यादा देर टिक नहीं सकीं। इंग्लैंड ने दस ओवर में चार विकेट 59 रन पर गंवा दिए थे। कप्तान हीदर नाइट ने 44 गेंद में 67 रन की पारी खेली जिसमें आठ चौके और दो छक्के शामिल थे। विकेटकीपर टैमी ब्यूमोंट ने 27 गेंद में 37 रन बनाए। भारतीय स्पिनरों राजेश्वरी गायकवाड़, शिखा पांडे और दीप्ति शर्मा ने दो विकेट चटकाए जबकि राधा यादव को एक विकेट मिला। इंग्लैंड ने 20 ओवर में सात विकेट पर 147 रन बनाए। मैच के दौरान एक दिलचस्प वाकया भी सामने आया। दरअसल, भारतीय बल्लेबाजी के दौरान ओपनर स्मृति मंधाना को टीवी अंपायर ने बचा लिया। दूसरे ओवर में गेंद मंधाना के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर एमी एलेन के पास पहुंच गई। उन्होंने शुरूआत में कैच पकड़ लिया, लेकिन जमीन पर गिरने के दौरान गेंद उनके हाथ से निकल गई। मैदानी अंपायर मंघाना को आउट दे चुके थे और वह पवेलियन के पास सीमा रेखा के पास पहुंच भी गईं थीं। मगर तभी टीवी अंपायर ने दखल देकर इस फैसले को बदलवा दिया।

## भारत में पहली बार किया जा रहा है आयोजित

# 13वां वर्ल्ड फ्लोरल शो 24 से 1 मार्च तक आयोजित किया जाएगा

■ 300 प्रतियोगी, 500 प्रतिनिधि व 25000 आगंतुक बनेंगे वर्ल्ड फ्लोरल शो का हिस्सा

■ जलतेदीप कासं, जयपुर

13वां वर्ल्ड फ्लोरल शो-'ग्रांड फ्लोरल अफेयर 2020' 24 फरवरी से 1 मार्च तक जयपुर के डिग्गी पैलेस में आयोजित किया जा रहा है। सात दिवसीय इस शो में 300 से अधिक प्रतियोगियों, 500 प्रतिनिधियों एवं 25000 आगंतुकों की भागीदारी की संभावना है। भारत में पहली बार आयोजित किए जा रहे इस शो के लिए 28 देशों के 550 प्रतिनिधि पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं। इस शो का दुनिया भर के 40 जज द्वारा निर्णय किया जाएगा। यह मेगा शो वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ फ्लोरल आर्टिस्ट्स की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इसे कमला पोद्दार समूह के सहयोग से पुष्पा बिट्टन फ्रेंडशिप सोसायटी और राजस्थान पर्यटन द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। डब्ल्यूएएफए, इंडिया की चेयरमेन, कमला पोद्दार ने यह जानकारी दी। उन्होंने आगे बताया कि शो में प्रतियोगियों द्वारा फूलों की कला प्रदर्शित की जाएगी, जो फ्लोरल डेकोरेशन कॉम्पिटिशन के दौरान व्यक्तिगत व समूह श्रेणियों में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। ये प्रतियोगी विभिन्न प्रकार के फूलों, पौधों व पौधों की सामग्री का उपयोग करते हुए 30 कक्षाओं में अपने डिजाइन प्रदर्शित करेंगे। इनमें महाराजाज ज्वैल, मैग्निफिसेंट मुगल्ज, रग्ड स्प्लेंडर, टीजर्ज ऑफ द ईस्ट, ट्रेडर्स ऑफ एंटिक्विटी शामिल हैं। इस विचारशील शिल्प कौशल के अलावा 31 देशों के 'ऑनरेरी एग्जीबिट्स' के प्रयास व कौशल को भी दर्शाया जाएगा। वर्ल्ड फ्लोरल शो कई अनूठी प्रतियोगिताओं, प्रदर्शनियां, इंडिया बाजार एवं वेंडर्स मार्केट सहित विभिन्न गतिविधियों का गवाह बनेगा।

साथ ही 'द रॉयल इंडियन वेडिंग', 'फूल बंगला (फूलों का घर)' और 'यूनिटी इन डायवर्सिटी' जैसे विषयों पर लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रदर्शित किए जाएंगे। 'मेक योर हैंडमेड पेपर', 'बंधनवार (डोर हैंगिंग)', ज्वैलरी मेकिंग' जैसी कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाएगा। इस शो में दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित फ्लोरल डिजाइनर व कलाकार शामिल होंगे। यह 'ग्रांड फ्लोरल अफेयर' लोगों के लिए 27 फरवरी व 1 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक खुला रहेगा।



## जेडीए ने स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण ध्वस्त किए

**जलतेदीप कासं, जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शुक्रवार को सामुहिक अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पीआरएन-उत्तर में रघुनाथ विहार में सड़क सीमा में आ रहे अतिक्रमण, विश्वैसरिया नगर में सैटबैक में किये गये निर्माण को हटाया गया। ग्राम खो नागोरियान में तीसरे दिन करीब 20 बीघा सरकारी भूमि पर से तोड़े गये अवैध निर्माणों मलबे व पत्थरों को अभियांत्रिकी शाखा द्वारा हटाया गया।

पुलिस अधीक्षक मामन सिंह ने बताया कि जोन-पीआरएन-उत्तर रघुनाथ विहार में सड़क सीमा पर करीब 27 चबूतरे, 40 होर्डिंग व साईन बोर्ड, 12 लोहे की जालिया, जाल, तारबन्दी व अन्य अवैध निर्माण कर अतिक्रमण कर रखा था जिन्हें जेसीबी की सहायता से हटाया गया। उन्होंने बताया कि जोन-5 में विश्वैसरिया नगर में प्लाट नं. 155 के मालिक द्वारा पीछे के सैटबैक को कवर कर 5 गुणा 5 में अवैध दीवार बना ली गई थी जिसे जेसीबी से ध्वस्त किया गया। इसी प्रकार जोन-10 क्षेत्र में ग्राम खो नागोरियान में तीसरे दिन भी करीब 20 बीघा तलाई की भूमि पर ध्वस्तीकरण से हुए मलबे व पत्थरों को अभियांत्रिकी शाखा द्वारा जेसीबी से हटाकर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

# पृथ्वीराज नगर योजना : इसी माह लगाए जाएंगे नियमन शिविर

### जोन उपायुक्तों को शिविर की तैयारियॅा समय पर पूरे करने के दिए निर्देश



■ जलतेदीप कासं, जयपुर

जयपुर विकास आयुक्त टी.रविकांत ने शुक्रवार को जेडीए के चिंतन सभागार में जोन उपायुक्तों एवं अधिकारियों निर्देश दिए कि पृथ्वीराज नगर योजना में फरवरी माह में नियमन शिविर लगाए जाएंगे। इसलिए नियमन शिविर पूरी पारदर्शिता के साथ-साथ आयोजित किए जाने के लिए सभी तैयारियॅा शीघ्र पूरी कर लें। रविकांत ने सभी जोन उपायुक्तों एवं अन्य अधिकारियों से शिविरों में आने वाली समस्याओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि नियमन शिविर पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित किये जावें। जिससे पृथ्वीराज नगर के बाशिंदो को किसी तरह की परेशानी नहीं हों। जेडीसी ने बताया कि नियमन शिविर में आने वाले आवेदन ऑनलाईन लिए जाएंगै। इसके लिए जेडीए स्तर से शिविर स्थल पर ऑनलाईन आवेदन के लिए निःशुल्क व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सभी जोन उपायुक्तों को शिविर के लिए सभी तैयारियॅा समय पर पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में बताया कि संस्थानिक, व्यावसायिक एवं आवासीय पट्टा देने के लिए अलग-अलग राशि तय की गई है।

बैठक में जेडीए सचिव अर्चना सिंह, निदेशक वित्त आदित्य कुमार पारीक, निदेशक आयोजना आर.के. विजयवर्गीय, अतिरिक्त आयुक्त राजीव जैन, गिरीष पाराशर एवं अवधेष सिंह, संबंधित उपायुक्त एवं उप रजिस्ट्रार नवल किशोर मीना सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।



जयपुर के सीतावाड़ी स्थित हनीबनी प्रे स्कूल में वसन्त पंचमी उत्सव मनाया गया, इस अवसर पर बच्चों ने फूलों जैसी मुस्कराहट बिखेरी

## जनवरी में 56 भूखण्डों की नीलामी से मिला 32 करोड़ का राजस्व

**जलतेदीप कासं, जयपुर।** विकास प्राधिकरण की परिसंपत्तियों के प्रति लोगों में विश्वास और भारी उत्साह देखने को मिल रहा है, जिससे जेडीए ने जनवरी माह में 56 भूखण्डों की नीलामी से 32 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त किया। जयपुर विकास आयुक्त टी. रविकांत ने बताया कि जेडीए परिसंपत्तियों के प्रति आमजन में प्रोपर्टी को लेकर खासा उत्साह एवं विश्वास देखने को मिल रहा है। जिससे जयपुर विकास प्राधिकरण को माह जनवरी, 2020 में 56 भूखण्डों की नीलामी से 32 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि जेडीए ने प्रोपर्टी बेचने के लिए कई नवाचार अपनाये हैं। प्रोपर्टी टीमों का गठन कर भूखण्डों की लोकेशन, साईज, आरक्षित दर, साईट प्लान, योजना का मानचित्र एवं जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। टीम द्वारा इच्छुक व्यक्तियों को भूखण्ड की साईट विजिट भी करवाई जा रही है।

## खण्डेलवाल दिवस की शोभायात्रा संपन्न



■ जलतेदीप कासं, जयपुर

अखिल भारतीय खण्डेलवाल वैश्य समिति के तत्वाधान में बसन्त पंचमी के पावन दिवस को संपूर्ण जयपुर के खंडेलवाल समाज ने इस दिन छोटी चौपड़ से गंगामता का मंदिर चांदपोल तक कि शोभायात्रा निकाली।

समाज के द्वारा यह दिन खण्डेलवाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने पीले वस्त्र धारण कर शोभायात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा का जुलूस बड़े भव्य तरीके से गाजे-बाजे व हाथी,घोड़े,पालकी के साथ निकला। साथ ही शोभायात्रा के पश्चात खंडेलवाल प्रीमियम लीग कोर ग्रुप के सदस्यों व समाज के प्रबुद्ध जनों व महिलाओं ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत झाड़ू लगाकर साफ़-सफाई की। शोभायात्रा का दीनानाथजी की गली व्यापार मंडल द्वारा सूखे मेवे की प्रसादी से स्वागत किया।

साथ ही जगह जगह पर महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम सह संयोजक कृष्णअवतार बाजरगांन ने बताया कि इस मौके पर समाजसेवी सौरभ पाटोदिया, योगेश रावत, रामस्वरूप ताम्बी, गिरिशकांत खंडेलवाल आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# 'एथिकल लीडरशिप एण्ड वैल्यूज' में 50 अमेरिकी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया



■ जलतेदीप कासं, जयपुर

आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'एथिकल लीडरशिप एण्ड वैल्यूजमें 50 अमेरिकी प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के मास्टर ट्रेनर एवं मुख्य अतिथि अर्मित, संस्थापक और आध्यात्मिक निदेशक, अर्मित योग संस्थान, फ्लोरिडा, यूएसए थे। इस सम्मेलन में कामीनी देवी (पीएचडी), कार्यकारी निदेशक, अर्मित योगा इंस्टिट्यूट, फ्लोरिडा, यूएसए, प्रो. (डॉ.) संजीव पी. साहनी, प्रिन्सीपल डायरेक्टर एवं बोर्ड मैम्बर, ओपी जिन्दल ग्लोबल यूनिवर्सिटी, सोनीपत, डॉ. भीमार्या मैत्री, डायरेक्टर, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, तिरूचिरापल्ली तथा डॉ. पंकज गुप्ता, प्रेसिडेंट, आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी शामिल थे। सम्मेलन के दौरान आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी एवं अर्मित योगा इंस्टिट्यूट, फ्लोरिडा, यूएसए के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। समझौता ज्ञापन 'वैलनेस एण्ड हैल्थ' को बढ़ावा देगा एवं दोनों संस्थानों के लाभ के लिए शैक्षणिक कार्यक्रम जिसमें संयुक्त प्रक्षिण और विनिमय कार्यक्रम शामिल होंगे तथा संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं और योग निद्रा कार्यशालाओं का संचालन किया जायेगा।

अर्मित ने 'खुशी व आन्नद' तथा 'प्यार व रिश्तों' विषय पर छात्रों एवं प्रतिनिधियों के लिए एक ऊर्जावान सत्र का नेतृत्व किया। अर्मितजी ने योग पर मन के संशोधन और आध्यात्मिक अनुशासन के रूप में इसके सार को भी विस्तार पूर्वक छूआ।

# केजरीवाल की पाकिस्तानी मंत्री को खरी-खरी,मोदी मेरे भी प्रधानमंत्री

■ एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव में पाकिस्तान की बेसिर पैर की बयानबाजी का सीएम अरविंद केजरीवाल ने करारा जवाब दिया है। पाकिस्तान के मंत्री चौधरी फवाद हुसैन ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने की अपील की थी। लेकिन केजरीवाल ने इस मंत्री को खरी-खरी सुना दी।



केजरीवाल ने ट्वीट किया- नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री हैं। मेरे भी प्रधानमंत्री हैं। दिल्ली का चुनाव भारत का आंतरिक मसला है और हमें आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं। पाकिस्तान जितनी कोशिश कर ले, इस देश की एकता पर प्रहार नहीं कर सकता।

### कुमार विश्वास भी भड़के

कुमार विश्वास ने भी इसे लेकर तल्ख ट्वीट किया। उन्होंने लिखा- दिल्ली में मोदी के हारने से तुम्हें कैसे फ़ायदा होगा बे पाकिस्तानी पिस्सू ? बेहतर है कि अपने फेल कप्तान की सरकार को बचाने की जुगत में जुट! चल निकल चीनी पापाओं की अमरीकी ब्रीड के परजीवी लकड़बग्घे।

### मनोज तिवारी का केजरीवाल पर निशाना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने इसे लेकर केजरीवाल को ही निशाने पर ले लिया। उन्होंने केजरीवाल और आप को टैग करते हुए लिखा- टुकड़े टुकड़े गैंग के समर्थक...आप को हर बार पाकिस्तान से समर्थन मिलना एक चिंता का विषय है।

# आतंकी नवीद का बड़ा खुलासा- कश्मीर में नेटवर्क तैयार करने में मदद करता था पूर्व विधायक

■ एजेंसी, जम्मू

आतंकियों की मदद करने के आरोप में पकड़े गए पुलिस डीएसपी देविंदर सिंह के मामले ने वीरवार को नया मोड़ ले लिया। मामले की खुल रही परत-दर-परत में आतंकियों के साथ गठजोड़ में उत्तरी कश्मीर के एक पूर्व निर्दलीय विधायक का नाम भी सामने आया है। बताया जा रहा है कि देविंदर सिंह के साथ पकड़े गए 10 लाख के इनामी हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी नवीद मुश्ताक ने ही पूछताछ में पूर्व विधायक का राज उगला है। आतंकी नवीद के दावों को अगर सही माना जाए तो वह इसी पूर्व निर्दलीय विधायक के साथ लगातार संपर्क में था। उसके जरिए ही वह उत्तरी कश्मीर में अपने नेटवर्क को तैयार करने में जुटा था। आतंकी नवीद मुश्ताक, हिजबुल आतंकी आरिफ व लश्कर के ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) इरफान मीर को 11 जनवरी को कश्मीर से जम्मू एक कार में जाते डीएसपी देविंदर सिंह के साथ कुलगाम में पकड़ा गया था। ये चारों



राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की हिरासत में हैं और इनसे कड़ी पूछताछ जारी है।आतंकियों व देविंदर सिंह से पूछताछ में जुटे एनआइए के अधिकारियों के अनुसार, नवीद उत्तरी कश्मीर से संबंध रखने वाले एक पूर्व निर्दलीय विधायक के साथ लगातार संपर्क में था। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ में नवीद ने हिजबुल द्वारा पूर्व विधायक को सौंपी गई जिम्मेदारियों और सरहद पार बैठे आतंकी कमांडरों से हुई बातचीत के बारे में विस्तार से बताया है।

### पूर्व विधायक से भी हो सकती है पूछताछ

**सूत्रों ने बताया कि नवीद और इरफान से मिले सुरागों के आधार पर न सिर्फ दक्षिण कश्मीर में बल्कि उत्तरी कश्मीर में सक्रिय आंकियों व उनके समर्थकों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि नवीद ने जिस पूर्व निर्दलीय विधायक का नाम लिया है, उसके बारे में अन्य जानकारियां भी जुटाई जा रही हैं। सूत्रों ने कहा कि पहले पूर्व विधायक के खिलाफ साक्ष्य जमा किए जाएंगे और उसके आधार पर उसे भी पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। बता दें कि पूर्व जम्मू कश्मीर राज्य की विधानसभा में तीन निर्दलीय विधायक थे।**

### आतंकी इरफार मीर भी है सरगना

**नवीद के साथ पकड़े गए इरफार मीर की भूमिका एक ओवरग्राउंड वर्कर से कहीं ज्यादा नजर आ रही है। पूछताछ के दौरान पता चला है कि वह कश्मीर में सक्रिय उन आतंकियों व ओवरग्राउंड वर्करों के एक गुट का सरगहना है जो सरहद पार लगातार संपर्क में है। इरफान भी पाकिस्तान और गुलाम कश्मीर में बैठे आतंकी सरगनाओं के साथ लगातार संपर्क में रहता था।**

## कांग्रेस ने पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पार्टी से निकाला



■ एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस ने पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी से निकाल दिया। महाबल मिश्रा के बेटे विनय मिश्रा 13 जनवरी को आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। बता दें विनय कुमार मिश्रा को द्वारका से टिकट दिया गया है। विनय मिश्रा साल 2013 में पालम विधानसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन वह अपनी जमानत भी नहीं बचा सके थे। विनय के आम आदमी पार्टी में शामिल होने पर अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया था कि कांग्रेस पार्टी से पालम विधानसभा से चुनाव लड़ चुके युवा नेता विनय कुमार मिश्र ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। पार्टी की नीतियों से और हमारी सरकार के कामों से प्रभावित हो कर वो हमारे परिवार में शामिल हो रहे हैं। उनका आम आदमी पार्टी में तहेदिल से स्वागत है।

**पूर्वांचली चेहरा रहे हैं महाबल मिश्रा :** महाबल मिश्रा दिल्ली में कांग्रेस पार्टी का पूर्वांचली चेहरा माने जाते हैं और उन्होंने पार्षद से सांसद तक का सफर तय किया है।

## विदेश

### यूएई तट पर तेल टैंकर में लगी आग, दो भारतीय नाविकों की मौत कई लापता

**एजेंसी, दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तट के पास एक तेल टैंकर में आग लगने से दो भारतीय नाविकों की मौत हो गई। दो अन्य भारतीय नाविकों की हालत गंभीर है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास बुधवार को हुए इस हादसे के बाद से कुछ नाविक लापता भी बताए जा रहे हैं। टैंकर पर पनामा का झंडा लगा था। खलीज टाइम्स में यूएई फेडरल अथॉरिटी फॉर लैंड एंड मेरीटाइम ट्रांसपोर्ट के हवाले से कहा गया है कि लापता लोगों को तलाशने की कोशिश की जा रही है। लापता लोग किस देश के हैं, इसका अभी पता नहीं चल सका है। अथॉरिटी ने बताया कि आग शारजाह के तट से 21 मील दूर टैंकर में उस समय लगी जब उसमें मरम्मत का काम चल रहा था। सूचना पर पहुंची बचाव और आपदा राहत टीमों ने चालक दल को सहायता प्रदान की। सूत्रों के मुताबिक टैंकर पर चालक दल के 12 सदस्यों सहित 55 लोग मौजूद थे।

### ऑस्ट्रेलिया में फिर बुश फायर का खतरा, राजधानी में आपातकाल घोषित

**एजेंसी, कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया में फिर बुश फायर का खतरा एक बार फिर बढ़ता हुआ दिख रहा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र के मुख्यमंत्री एंड्रयू बर्र ने शुक्रवार को इस क्षेत्र में आपातकाल की घोषणा की। अपने बयान में उन्होंने कहा कि 2003 की विनाशकारी आग के बाद से राजधानी को बुश फायर के सबसे बड़े खतरे का सामना करना पड़ रहा है। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के मुताबिक बर्र ने कहा, ज्यादा गर्मी, हवा और एक शुष्क जमीन ने कैनबरा के दक्षिण में उपनगरों को खतरे में डाल दिया है... यह आग बहुत अप्रत्याशित हो सकती है। यह बेकाबू हो सकती है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में आग ने कहर बरपाया हुआ है। पिछले कुछ हफ्तों में इसका और भी बुरा हाल देखने को मिल रहा है। क्योंकि देश में आमतौर पर जनवरी और फरवरी में तापमान अपने चरम पर रहता है। पिछले साल सितंबर से अबतक इसकी चपेट में आने से 30 से अधिक लोग कि मौत हो चुकी है और अनुमानित एक अरब जानवर मारे गए हैं। जबकि हजारों घर नष्ट हो गए हैं।

### तस्करों ने अमेरिका-मैक्सिको के बीच बना डाली 1.5 किलोमीटर लंबी सुरंग

**एजेंसी, सैन डिएगो।** बुधवार को अमेरिकी अधिकारियों ने दुनिया की सबसे लंबी स्मगलिंग सुरंग खोजने का दावा किया। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका-मैक्सिको के साउथवेस्ट बॉर्डर पर यह सुरंग मिली है। इस सुरंग के जरिए मैक्सिको के शहर तिजुआना के इंडस्ट्रियल साइट से सैन डिएगो को जोड़ा गया था। इस सुरंग में एक बड़ा रेल सिस्टम, एयर वेंटिलेशन, हाई वोल्टेज इलेक्ट्रिकल केबल ऐंड पैनल जैसी सुविधाएं हैं। इसके अलावा सुरंग की एंट्री पर लिफ्ट और एक ड्रेनेज सिस्टम भी है। लिफ्ट को खोजने वाले अधिकारी उस समय चौंक गए जब उन्होंने पाया कि सुरंग की लंबाई फुटबॉल के 14 मैदानों से भी लंबी है। अमेरिका में अभी तक इसका कन्फर्म एग्जिट पॉइंट नहीं मिला है। इसके अलावा अभी किसी तरह के ड्रग की भी बरामदगी नहीं हुई है। इस मामले में अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### अमेरिका-तालिबान वार्ता के बीच अफगानिस्तान में हिंसा बढ़ी

**एजेंसी, काबुल।** अमेरिकी सरकार की एक प्रहरी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि 2019 की आखिरी तिमाही में अफगानिस्तान में हिंसक हमलों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। यह काबुल में तुलनात्मक रूप से शांति होने के बावजूद देश के अन्य हिस्सों में संघर्ष में लोगों के लगातार मारे जाने को रेखांकित करता है। देश की राजधानी और अन्य शहरी इलाकों में पिछले करीब दो महीने से कोई बड़ा हमला नहीं हुआ है, जबकि पहले शहरी इलाकों में अक्सर होने वाले बड़े हमलों में बड़े पैमाने पर लोग हताहत होते थे।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के आठ मछुआरों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को रामेश्वरम के पम्बन के आठ मछुआरों को कथित तौर पर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यहां मत्स्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि मछुआरों को त्रिंकोमाली नौसेना शिविर ले जाया गया है। इस सप्ताह की शुरूआत में श्रीलंकाई नौसेना ने रामेश्वरम के 11 मछुआरों को कथित तौर पर श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए गिरफ्तार किया था।

# दिल्ली पुलिस आयुक्त को सेवा विस्तार देने पर चिदंबरम ने उठाया सवाल

■ एजेंसी, नई दिल्ली

कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने दिल्ली पुलिस आयुक्त अमुल्य पटनायक के कार्यकाल को बढ़ाने के गृह मंत्रालय के फैसले पर सवाल उठाया है।



चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के बीच एक युवक के गोलियां चलाने से जामिया के एक छात्र के घायल होने की घटना के बाद पुलिस आयुक्त का कार्यकाल विस्तार करना समझ से परे है। चिदंबरम ने साथ ही पूछा कि गुरुवार को जामिया परिसर के निकट हुई गोलीबारी के मामले में किसको निलंबित किया गया है। उन्होंने ट्वीट किया, 'दिल्ली के पुलिस आयुक्त के कार्यकाल को उसी दिन बढ़ाना, जिस दिन पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में गोलीबारी की गई...समझ से परे और निंदनीय है।'

उन्होंने कहा कि एक को तो सेवा विस्तार मिला, लेकिन कल हुई दुखद गोलीबारी के लिए किसको निलंबित किया गया। चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गुरुवार को दिल्ली पुलिस आयुक्त अमूल्य पटनायक का कार्यकाल एक महीने के लिए बढ़ाने को मंजूरी प्रदान की थी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा इस संबंध में लिखे गए पत्र के बाद चुनाव आयोग ने यह मंजूरी प्रदान की।

## पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष के खिलाफ मामला दर्ज

**एजेंसी, कोलकात्ता।** पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष के खिलाफ पतुली पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 354 ए, 509, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक महिला ने घोष पर गुरुवार को रैली के दौरान अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है।

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के समर्थन में आयोजित रैली के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा एक महिला प्रदर्शनकारी से बदसलूकी किए जाने पर घोष ने कहा था कि उन्हें अपनी किस्मत का शुक्रगुजार होना चाहिए कि कुछ और नहीं हुआ। उनकी इस टिप्पणी की विपक्षी पार्टियों ने आलोचना की। भाजपा ने दक्षिण कोलकाता के पतुली से बाग जतीन इलाके तक सीएए के समर्थन में रैली आयोजित की थी जिसका नेतृत्व स्वयं घोष कर रहे थे। रैली के दौरान एक अकेली महिला सीएए और गुरुवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया में चली गोली के खिलाफ तख्ती लेकर प्रदर्शन कर रही थी।

# पीएफआई के पांच सदस्य गिरफ्तार

### सीएम योगी के कार्यक्रम का विरोध करने के लिए आए थे

■ एजेंसी, कानपुर

सीएए, एनआरसी और एनपीआर के विरोध में पूरे देश में हिंसा का माहौल व्याप्त है। ऐसे में कानपुर सहित कई अन्य जिलों में सीएए और एनआरसी के खिलाफ हिंसा भड़काने वोले पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया) के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।

पीएफआई पर कानपुर के बाबूपुरवा और यतीमखाना में हिंसा भड़काने का आरोप है। कानपुर में पकड़े गए पीएफआई के सदस्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का विरोध करने के लिए एकत्र हुए थे। कानपुर शहर में हिंसा फैलाने की साजिश करने वाले पीएफआई (पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) और एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) से जुड़े कई लोग चिह्नित कर लिए गए थे। साक्ष्य जुटाकर उन पर कार्रवाई करने की बात कही थी। यह बात भी सामने आई थी कि जुमे की नमाज के बाद कुछ



लोगों ने भाषण देकर भीड़ को भड़काया था। एसएसपी अनंत देव ने बताया था कि दोनों संगठनों के लोगों ने पहले ही हिंसा की साजिश रच ली थी। इसमें बाहरी लोग भी शामिल हैं। इन बाहरी लोगों को सर्विलांस, वीडियो फुटेज, फोटो व अन्य माध्यमों के जरिये पहचानने की कोशिश की जा रही है। पिछले दिनों कानपुर में दो दिन हुई हिंसा में दो दरोगा समेत कुल 42 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

स्वतत्वाधिकारी मैसर्स जलतेदीप (जयपुर) की ओर से मुद्रक, प्रकाशक पदम मेहता द्वारा दीपक ऑफसेट प्रिंटर्स, एफ-77, करतारपुरा, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा जलतेदीप (जयपुर) कार्यालय ई-287, लालकोठी, जयपुर से प्रकाशित फोनः 2742116, फैक्सः5102727 संपादकः पदम मेहता